रोहतक
रविवार, 2 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 31
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 27.5
न्यून. 12.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



03 चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को बेहतर खेलने पर रहेगा भारत का फोकस

RERA REGISTRATION NO.: RAJ/P/2018/682
https://rera.rajasthan.gov.in/

# AFFORDABLE RESIDENTIAL PLOTS

## (Under Govt. of Rajasthan Residential Plotting Scheme)

IMMEDIATE REGISTRY

## INVITE APPLICATIONS FOR FREEHOLD RESIDENTIAL PLOTS

## NCR-BHIWADI

Floor Wise Registry Allowed

**Pay Rs. 21,000/- for Registration**

Amount is Refundable in case of non Allocation


## 33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित
## पंजीकरण के लिए मात्र 51 प्लॉट उपलब्ध

## IMPORTANT DATES

Loan available from leading banks*

**Today is the Last Day to Apply**
Register before scheme ends

**Plot Allotment Date 3rd March 2025**




## 51 PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION
## ON 60 METER ROAD FACING GATED TOWNSHIP

| No. of Units | Plot Area | Rate Per Sq Yd (Rs.) | Registration Amount (Rs.) | 10% On Allotment (Minus Registration Amount) (Rs.) | 15% After BBA (Rs.) | 25% within 30 Days From Allotment (Rs.) | 50% within 60 Days From Allotment (On Registry) (Rs.) | Total Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 115.27 to 129.03 Sq.Yd. (96.38 to 107.89 Sq.Mt.) | 21,000/- | 21,000/- | 2,21,067/- to 2,49,963/- | 3,63,101/- to 4,06,445/- | 6,05,168/- to 6,77,408/- | 12,10,335/- to 13,54,815/- | 24,20,670/- to 27,09,630/- |
| 14 | 131.48 to 149.30 Sq.Yd. (109.93 to 124.83 Sq.Mt.) | 21,000/- | 21,000/- | 2,55,108/- to 2,92,530/- | 4,14,162/- to 4,70,295/- | 6,90,270/- to 7,83,825/- | 13,80,540/- to 15,67,650/- | 27,61,080/- to 31,35,300/- |
| 15 | 151.34 to 165.86 Sq.Yd. (126.54 to 138.68 Sq.Mt.) | 21,000/- | 21,000/- | 2,96,814/- to 3,27,306/- | 4,76,721/- to 5,22,459/- | 7,94,535/- to 8,70,765/- | 15,89,070/- to 17,41,530/- | 31,78,140/- to 34,83,060/- |
| 15 | 174.47 to 188.37 Sq.Yd. (145.88 to 157.50 Sq.Mt.) | 21,000/- | 21,000/- | 3,45,387/- to 3,74,577/- | 5,49,581/- to 5,93,366/- | 9,15,968/- to 9,88,943/- | 18,31,935/- to 19,77,885/- | 36,63,870/- to 39,55,770/- |

#Any other charges/ taxes levied by the Govt. will be charged as per Extra.

**NEARBY LOCATION :** Proposed Green Field Airport | Proposed RRTS/ Neo Metro | Tijara Jain Temple

**Advantages**

- 50 Acres Gated Township
- On Bhiwadi-Alwar Highway
- Fully Habitable Township
- Delhi Police Commando Training Academy Near By
- Delhi NCR Biggest Industrial Hub
- Approx 3000 functional Industries in close vicinity
- Near Honda & Kajaria Tiles
- Clubhouse with 31 amenities

**Amenities**

Gated Community | Primary School | Club House | shopping Complex | Nursing Home | Swimming Pool | Fresh Water Supply | 3-Tier Security | Playgrounds | Temple

## For Online Registration
## www.affordableresidentialplots.org
## Call 6262-16-0707

SCAN TO REGISTER

**खबर संक्षेप**

## 31 के बाद हाउसिंग बोर्ड का एचएसवीपी में विलय को स्वीकृति दी जाएगी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाउसिंग बोर्ड तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के विलय को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में सरकार ने शुक्रवार की रात संबंधित विभागों को पत्र जारी कर दिया है। हरियाणा में 31 मार्च के बाद हाउसिंग बोर्ड काम नहीं करेगा। प्रदेश सरकार ने हाउसिंग बोर्ड के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में विलय को स्वीकृति प्रदान कर दी है। सोमवार से विभागीय समायोजन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## ग्रीन श्मशान घाटों की अवधारणा को पहल

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एचएचआरएस) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्ववूर्ण कदम उठाते हुए दाह संस्कार के लिए ग्रीन श्मशान घाटों की अवधारणा का सही ठहराया है और सिरसा जिले के अनेक गांवों में इसे लागू किया जा चुका है। इस अवधारणा के तहत दांह संस्कार में लकड़ी की बजाय गौकाष्ठ (गोबर के कंडे) से करना है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसका श्रेय पर्यावरणविद् डॉ. राम जी जैमल (गांव दड़बी, सिरसा) को जाता है।

## बोर्ड की परीक्षा में हाहाकार पर संज्ञान लें सीएम

**पंचकूला।** हरियाणा बोर्ड परीक्षा शुरू होते ही बोर्ड के प्रति हर स्कूल्स और विद्यार्थियों में निराशा दिखाई दे रही है) 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के हाथ में जैसे ही गणित का पेपर आया विद्यार्थियों के यह देखकर होश उड़ गए कि गणित का पेपर जो विद्यार्थियों के लिए एक कठिन परीक्षा होती है उसमे पेपर सिलेबस से बाहर था और प्रश्न पत्र भी इस प्रकार से तैयार किया गया था जिसके उत्तर उनकी समझ से बहार थे। कुलभूषण शर्मा ने कहा बोर्ड की जिम्मेदारी बनती है की वह विद्यार्थियों को उस प्रकार के प्रश्न पत्र दे जिस प्रकार बच्चों को तैयारी कराई जाती है या बोर्ड सेशन शुरू होने से पहले ही स्कूल्स को सैंपल पेपर्स और क्वेश्चन बैंक उपलब्ध करवाए की इस प्रकार की पद्धति से बोर्ड की परीक्षा ली जाएगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय में वीरता को सलाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा में सेवानिवृत्त सीआईएसएफ बल सदस्यों को इकाई में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का अभिवादन किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के वरिष्ठ कमांडेंट श्री योगेश प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों को उनकी शानदार सेवा के लिए सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पौधा और शॉल भेंट किया। सीआईएसएफ अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है।

### आउट ऑफ सिलेबस पेपर की कमेटी करेगी जांच, जल्द शुरू होगा कार्रवाई

# पेपर आउट होने के बाद शिक्षा विभाग एक्शन में, 588 ऑब्जर्वर नियुक्त

- बोर्ड सचिव ने परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त विभिन्न उड़नदस्तों को भी गड़बड़ी वाले परीक्षा केन्द्रों पर और अधिक सतर्कता दिखाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए
- प्रश्न पत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यू आर कोड और हिडन सिक्योरिटी फीचर हो रहा है वरदान साबित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 के लिए बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा, ने नकल रोकने के लिए प्रभावी उपायों पर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से चर्चा की, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी परीक्षा केन्द्रों पर पारदर्शिता, अखण्डता और परीक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त बोर्ड सचिव ने परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त विभिन्न उड़नदस्तों को भी गड़बड़ी वाले परीक्षा केन्द्रों पर और अधिक सतर्कता दिखाते हुए तुरन्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा द्वारा बोर्ड मुख्यालय पर प्रेस-वार्ता का भी आयोजन



बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा

किया गया। उन द्वारा बाह्य हस्तक्षेप रोकने के लिए सभी सम्बन्धित पुलिस अधीक्षकों को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने हेतु अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा नकल रोकने के लिए पुरजोर प्रयत्न किए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यू आर कोड और हिडन सिक्योरिटी फीचर भी अंकित किए गए हैं। इससे यदि कोई परीक्षार्थी, पर्यवेक्षक, कर्मचारी व अन्य कोई प्रश्नपत्र की फोटो खिंचेगा तो तुरंत पता लग जाएगा कि प्रश्न पत्र कहां से आउट हुआ है एवं किस परीक्षार्थी का है, जिससे परीक्षाओं के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सकेगी। प्रश्न-पत्र पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यू आर कोड और हिडन सिक्योरिटी फीचर बोर्ड की एक सफलता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी परीक्षा केन्द्र से पेपर आउट होने का मामला पाया जाता है तो उस केन्द्र के अधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नकल रोकने के लिए 588 परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड द्वारा आब्र्जवरों की नियुक्ति पूर्ण समय के लिए की गई है। सभी विद्यालय मुखियाओं को हिदायतें दी गई कि वे गांव की पंचायतों का सहयोग लें। सभी प्रमुख केन्द्र अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे परीक्षा केन्द्रों पर खिड़कियों में जाली लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों और अभिभावकों को कहा कि पेपर वायरल करने की गलती न करें, क्योंकि बोर्ड के पास एक सक्षम सूचना तन्त्र है इससे कोई भी आरोपी बच नहीं सकता। सेकेंडरी के पेपर का आऊट ऑफ सैलबस के बारे कमेटी बनाकर जांच करवाई जा रही है, जांच उपरान्त ही निर्णय लिया जाएगा। अभी तक अनुचित साधन के 97 केस बन चुके हैं व अभी तक बोर्ड ने 05 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। इन परीक्षाओं में 1433 परीक्षा केन्द्रों पर 5,17,448 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

## 8वीं क्लास तक की परीक्षाओं की डेटशीट जारी, 10 से 24 मार्च तक चलेंगी

- बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा 17 मार्च को शुरू होंगी, जो 22 मार्च तक चलेंगी

**भिवानी।** हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने बाल वाटिका से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी है। बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा 17 मार्च को शुरू होंगी, जो 22 मार्च तक चलेंगी। इसी तरह कक्षा छठी से आठवीं तक की परीक्षाएं 10 मार्च से शुरू होंगी, जो 24 मार्च तक चलेंगी। बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं लगातार होंगी, जबकि छठी से आठवीं कक्षा की परीक्षाओं के बीच एक से 3 दिन तक की छुट्टियां दी गई हैं। शिक्षा निदेशालय ने प्रदेशभर के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईओ), ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ ) व ब्लॉक मौलिक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को पत्र जारी किया है। जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि वे वार्षिक परीक्षाओं को लेकर स्कूल स्तर पर तैयारियां पूरी कर लें। समय से सभी प्रबंध किए जाएं, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्वक आयोजित करवाई जा सकें। वहीं इन मूल्यांकन परीक्षाओं का पूरा रिकॉर्ड भी बनाए रखना होगा।

# चुनाव प्रचार के दौरान स्वास्थ्य मंत्री के पीए की पिटाई का वीडियो वायरल

- चेयरपर्सन पद की उम्मीदवार महिला प्रत्याशी का पति भड़का
- राजनीतिक गलियारों में इसके कई मायने निकाले जा रहे है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना**

नगर पालिका के चुनाव रविवार को होने हैं। इसी बीच शनिवार को चेयरपर्सन पद की उम्मीदवार एक महिला के पति व व्यक्ति के बीच मारपीट तथा आपसी कहा सुनी का वीडियो वायरल हुआ है। पिटने वाला व्यक्ति मंत्री का पीए बताया गया है, लेकिन यह पता नहीं चला है कि किस बात को लेकर यह विवाद हुआ है। नगर पालिका के चुनाव रविवार को होने हैं। शनिवार सुबह कनीना में नगर पालिका के प्रधान पद का चुनाव लड़ रही सविता देवी पत्नी अशोक कुमार पूर्व नगर पालिका उप प्रधान है। जिसमें उसको एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए वीडियो में साफ दिखा जा सकता है। पिटने वाला व्यक्ति स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का पीए बताया जा रहा है। वह कह रहा है कि मुझे छोड़ दो वह आपसे बदतमीजी नहीं कर रहा है। आप करण सिंह व बहन जी से बात करो। वह उनके आदेश का पालन कर रहा है, आप मुझसे बदतमीजी ना करो। वहीं अशोक बोल रहा है मैं नेता बनाऊं तनै, उसने कहा मैं नेता नहीं हूं। फिर वह बोल रह है कि पीए था नेता नहीं। इसके बाद उसने उसको थप्पड़ मारा। वहीं वहां पर एक व्यक्ति और खड़ा था, उसने अशोक को एक थप्पड़ मारा। फिर अशोक ने कहा वह उम्र की लिहाज कर रहा है आपकी। उस व्यक्ति ने कहा वह हाथ कैसे उठा रहा है। इसके बाद उस व्यक्ति को दूसरा व्यक्ति वहां से दूर ले गया। अभी विवाद के बारे में खुलासा नहीं हुआ है। इस बारे में कनीना सिटी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित से प्राप्त शिकायत पर पुलिस गहनता से जांच कर उचित कार्रवाई कर रही है।

### आरोपित को पुलिस ने किया राउंडअप

**कनीना।** नगर पालिका के चुनाव को लेकर शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को राउंडअप किया है। वीडियो में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी हरियाणा कैबिनेंट में मंत्री आरती सिंह राव के पीए गोविंद को नपा चेयरमैन के प्रत्याशी के पति अशोक कुमार आक्रोश में आकर उसे धमकाते व थप्पड़ मारते दिखाई दे रहे हैं। जिनका एक वरिष्ठ नागरिक व अन्य कार्यकर्ता बीचबचाव करते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो जंगल में आग की भांति तरफ सर्कुलेट हो गया। राजनीतिक गलियारों में इसके अलग अलग मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो केंद्रीय मंत्री व प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में आ गया है। चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने आरोपित को डिटेन किया है।

**सांसद सैलजा ने बोला हमला**

## पेपर लीकः सत्ता के नशे में सरकार मस्त, हरियाणा के परीक्षार्थी त्रस्त



**चंडीगढ़।** सिरसा सीट से सांसद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता के नशे में मस्त है जो शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं के परीक्षार्थियों के साथ-साथ हर परीक्षा का परीक्षार्थी त्रस्त है। एक के बाद परीक्षाओं के पेपर लीक होते जा रहे है, सरकार की अनदेखी से प्रतिभावान विद्यार्थियों के भविष्य चौपट होता जा रहा है। आखिर सरकार युवाओं को बर्बाद करने पर क्यों तुली हुई है। हरियाणा में शिक्षा का बेड़ा गर्क करने का काम किया जा रहा है। सैलजा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, उसके कार्यकाल में हर वर्ष कोई भी परीक्षा बिना धांधली के संपूर्ण नहीं हुआ, अधिकतर परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। अब लोग एक ही बात कहने लगे है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं है बल्कि पेपर लीक और घोटालों की सरकार चल रही है। बोर्ड से लेकर भर्ती तक, ग्रुप-डी से लेकर एचसीएस तक के पेपर लीक हुए हैं।

**खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार बोले**

## कांग्रेस नेता सुरजेवाला के अवैध खनन के आरोप निराधार और तथ्य से परे



**चंडीगढ़।** हरियाणा के खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा सरकार की मिलीभगत से प्रदेश के 14 जिलों में हो रही अवैध खनन के बयानों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप निराधार और तथ्य से परे हैं। कांग्रेस नेता केवल झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए अवैध खनन में राज्य सरकार की संलिप्तता के ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं चरखी दादरी के पिचोपा कलां का दौरा किया तथा वहां अवैध खनन का कोई निशान नहीं पाया। रणदीप सुरजेवाला द्वारा बताए गए 14 जिलों में से कैथल जैसे जिले में साधारण मिट्टी के अलावा कोई भी महत्वपूर्ण खदान या लघु खनिज नहीं है।

# सोनीपतः राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बीआर आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण किया

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में डॉक्टर बीआर आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा किया गया। राष्ट्रीय विवि विश्वविद्यालय सोनीपत में डॉ. आंबेडकर लोकार्पण के मौके पर राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय विवि की कुलपति प्रोफेसर अर्चना मिश्रा और स्टाफ ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर गत दिवस स्वागत किया। बंडारू दत्तात्रेय ने इस दौरान कहा कि यह गौरव की बात है किडॉ. बीआर. आंबेडकर जैसी महान विभूति की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है। डा. साहब ने समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया साथ ही देशहित में काम करने का संकल्प भी दिलाया।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी की राजनीतिक दलों के साथ बैठक**

# पार्टियां बूथ लेवल एजेंटों को करें नामितः अग्रवाल

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि वे अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और इसकी सूची रिकार्ड के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। पंकज अग्रवाल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हाल में ही सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने राज्यों में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट, पोलिंग स्टेशनवार नियुक्त करवाएं और इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि




हरियाणा 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदान सूची तैयार करने में बीएलओ को मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी बूथ लेवल एजेंट उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने की चुनाव आयोग ने सिफारिश की थी।

## ईवीएम के साथ वीवीपैट नहीं लगा रहा राज्य चुनाव आयोगः दलाल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के गुरुग्राम प्रभारी एवं पलवल के पूर्व विधायक करण दलाल ने हरियाणा के राज्यपाल को शिकायत देकर हरियाणा में नगर निगम चुनाव में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमने उत्तराखंड के चुनाव का उदाहरण देकर मत पत्रों (बैलेट पेपर) से चुनाव कराने का अनुरोध किया था। आयोग ने इसे अस्वीकार कर दिया। राज्यपाल को दिए गए पत्र में कांग्रेस के गुरुग्राम जिला प्रभारी करण सिंह दलाल ने बताया कि आयोग ने कांग्रेस की मांग को यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि उनके पास पर्याप्त वीवीपैट मशीनें नहीं हैं। साथ ही कहा कि अधिनियम में नगर निगम चुनाव में भी ईवीएम के इस्तेमाल का प्रावधान है। करण सिंह दलाल का कहना है कि वर्तमान में देश के अन्य भागों में चुनाव नहीं हो रहे। चुनाव आयोग के पास पर्याप्त ईवीएम उपलब्ध हैं।

**पहल** | हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग में बड़े बदलाव की बयार

# आईआईटी जैसे संस्थानों में जाएंगे शिक्षा संकाय से जुड़े विशेषज्ञ व शिक्षक, नए अनुभवों के साथ करेंगे काम

- लैब में भी नई तकनीकी उपकरण लगाने की पहल होगी, पुराना सामान हटेगा

**योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़**

हरियाणा का तकनीकी शिक्षा विभाग आने वाले दिनों में बड़े कदम उठाने और बड़े बदलाव की तैयारी में है। विभाग के तहत चलने वाले बीटेक कॉलेजों में अब ढर्रे पर काम नहीं होगा बल्कि पुराने परंपरागत उपकरणों के स्थान पर आधुनिक व अपडेट उपकरण लगाए जाएंगे। पहली बार कुछ अहम कदम उठाकर हरियाणा के युवाओं को बेहतर तरीके से शिक्षित करने की तैयारी है, इसी क्रम में तकनीकी शिक्षा संकाय सदस्यों को आईआईटी, नई दिल्ली में विजिट के लिए भेजने की तैयारी है। अहम बात यहां पर यह है कि हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग इस क्रम में कईं चरणों में आईआईटी दिल्ली संस्थानों में एक्सपोजर विजिट के लिए भेजने की शुरुआत की गई है। चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों, मेधावी विद्यार्थियों और विशेषज्ञों को भेजा जाएगा। नामवर संस्थान से लौटने के बाद में यह अपने अनुभव साझा करने का काम करेंगे।

### रिसर्च संस्थानों को लेकर हो रहा मंथन

दिल्ली आईआईटी ही नहीं बल्कि संकाय सदस्यों को देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में भ्रमण व ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। जिससे अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार होगा और क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करने की तैयारी है। खास बात यह है कि संकाय सदस्य आईआईटी के विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के बारे में अनुभव लेंगे और आधुनिक व नई प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, डिजीटल पुस्तकालय सहित नवीनतम मशीनरी को देखने जानने का काम करेंगे। जिसके बाद में इन अनुभवों का उपयोग हरियाणा राज्य में स्थित सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों और राज्य अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान में करने की तैयारी है।

### शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों के प्रयासों को सराहा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों की सराहना करते हुए इस बारे में विभाग के मुखिया वरिष्ठ आईएएस सरदार प्रभुजोत सिंह से चर्चा कर इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा है। मंत्री ने बीती दस फरवरी को सरकारी पॉलिटेक्निक जाट्ल पानीपत से संकाय सदस्यों को आईआईटी दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। वैसे, एक्सपोजर विजिट में अभी तक कुल 235 संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया है। इसमें ब्रांचों की बात करें, तो इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी नियंत्रण, कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी, रासायनिक अभियांत्रिकी, नागरिक अभियांत्रिकी और वस्त्र अभियांत्रिकी शामिल हैं। इन सभी को फीडबैक फॉर्म भी प्रदान किया है, ताकि इस बारे में उनका फीडबैक लिया जा सके। खुद मंत्री और स्टाफ ने पांच से सात दिनों के प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने की बात कही है। कुल मिलाकर इस दिशा में इसी तरह से गंभीर प्रयास चले, तो विभाग की सूरत और सीरत बदलने की तैयारी है।


STATE ELECTION COMMISSION HARYANA

हरियाणा राज्य में
7 नगर निगमों (पानीपत को छोड़कर)
4 नगर परिषदों तथा
21 नगर पालिकाओं के
आम चुनाव-2025

मतदान दिवस

2 मार्च 2025

अधिक जानकारी के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें



पानीपत नगर निगम के लिए मतदान 9 मार्च, 2025 (रविवार) को होगा

जागरूक देश की एक ही पहचान
शत-प्रतिशत हो मतदान

समय - प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक

सम्बंधित मतदाता जिनके पास मतदाता पहचान-पत्र (EPIC) नहीं है लेकिन उनका नाम नगरपालिका / नगरपरिषद्/नगर-निगम की वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, वह अन्य फोटोयुक्त दस्तावेज/पहचान-पत्र दिखाकर अपना मत डाल सकते हैं।

चुनाव में नोटा भी लागू
चुनाव ई.वी.एम. से होंगे
चुनाव पर्यवेक्षक पूरे हालात पर निगरानी रखेंगे
मत-पत्र पर उम्मीदवारों की फोटो होगी



राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा, निर्वाचन सदन, सेक्टर - 17, पंचकूला

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

रोहतक
रविवार, 2 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 31
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 27.5
न्यून. 12.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# आज मतदाता चुनेंगे 'शहर की सरकार' वोटिंग सुबह 8 बजे से

**चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)।** प्रदेश में रविवार को मतदाता 'शहर की सरकार' चुनेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर शनिवार को पहुंच गई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर की सरकार चुनने के लिए लोगों में भी भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम को छोड़कर बाकी सभी 7 नगर निगमों (गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल और यमुनानगर) के मेयर पदों और सभी वार्डों के सदस्यों के लिए, जबकि अम्बाला और सोनीपत नगर निगम के मेयर के लिए उप चुनाव 2 मार्च यानी रविवार को होगा। पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा। 12 मार्च को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

**निगम चुनाव**

सभी तैयारियां पूरी, पोलिंग पार्टियां केंद्रों पर पहुंची

■

पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा, 12 मार्च को आएगा परिणाम

## तीन दिन शराब ठेके बंद रहेंगे

निकाय चुनावों की वोटिंग और काउंटिंग के चलते प्रदेश में 3 दिन शराब बिक्री पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। चुनाव के चलते 1, 2 और 12 मार्च को शराब की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, इन दिनों को ड्राई डे के रूप में मनाया जाएगा।

### कुल 46,5,447 मतदाता

- पानीपत नगर निगम को छोड़कर बाकि नगर निगमों में कुल 46,5, 447 मतदाता हैं। इनमें 22,31, 987 पुरुष, 19,64,782 महिला और 144 अन्य मतदाता हैं। कुल 252 वार्ड हैं, जिनमें 4,264 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।
- नगर परिषदों में कुल 5,69,164 मतदाता हैं। इनमें 2,95,901 पुरुष, 2,73,239 महिला और 24 अन्य मतदाता हैं। कुल 152 वार्ड हैं, जिनमें 502 बूथ हैं।
- नगर पालिकाओं में कुल 3,34,895 मतदाता हैं, जिनमें से 1,74, 647 पुरुष, 1, 60, 229 महिला व 16 अन्य मतदाता हैं। नगर पालिकाओं में 347 वार्ड हैं, जिनमें 360 बूथ बनाए गए हैं।

### पानीपत में मेयर के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में

राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम में नाम वापस लेने के अंतिम दिन के बाद महापौर (मेयर) पद के लिए 4 और 26 वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए 103 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं।




## खबर संक्षेप

### फरवरी में जीएसटी संग्रह 9.1 फीसदी बढ़ा, 1.84 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह फरवरी 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.84 लाख करोड़ हो गया। आधिकारिक आंकड़ों में शनिवार को यह जानकारी दी गई। सकल जीएसटी संग्रह एक साल पहले इसी अवधि में 1.68 लाख करोड़ रुपये और जनवरी 2025 में 1.96 लाख करोड़ रुपये था। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे घरेलू खपत से बढ़ावा मिलने और आर्थिक पुनरुद्धार का संकेत मिलता है। भाषा

## 10वीं-12वीं पेपर आउट पर सरकार का कड़ा फैसला

### 5 पर्यवेक्षक, 2 सुपरवाइजर निलंबित, 8 छात्रों पर केस

# 4 डीएसपी और 3 एसएचओ समेत 25 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**चंडीगढ़/नूहं (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में 10वीं-12वीं परीक्षा में पेपर लीक के मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए 4 डीएसपी और 3 एसएचओ सहित 25 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में दोषी पाए गए 5 पर्यवेक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा 4 सरकारी पर्यवेक्षकों औटर सुपरवाइजरों को भी सस्पेंड किया गया है। 4 बाहरी लोगों और 8 छात्रों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि सरकारी स्कूलों के 4 परीक्षा निरीक्षक (इनविजीलेटर) और प्राइवेट स्कूल की एक परीक्षा निरीक्षक (इनविजीलेटर) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सीएम ने परीक्षा केंद्रों से पेपर आउट होने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## 12वीं का अंग्रेजी और 10वीं का गणित का पेपर हुआ था लीक



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दोषी अधिकारियों व कर्मियों पर एक्शन

■

पांच परीक्षा निरीक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

■

4 बाहरी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, कहा, कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र से 500 मीटर दूर रहे

**डीसी एसपी कोताही न बरतें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी जांच जारी है। सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को कड़े आदेश जारी करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि परीक्षा केंद्र के पास कोई व्यक्ति न जाने पाए और 500 मीटर की दूरी से बाहर रहें। इस सम्बन्ध में अगर प्रदेश में कहीं पर भी शिकायत आती है तो संबंधित जिला प्रशासन इसका जिम्मेदार होगा। वहीं, नूंह में सेंटर सुपरिंटेंडेंट, 2 पर्यवेक्षक और 3 छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए और पुन्हाना में 2 पर्यवेक्षक रिलीव कर दिए गए हैं। बता दें कि बोर्ड की टीम को नूंह जिले के टपकान स्थित सरकारी स्कूल से भी 12वीं का इंग्लिश का पेपर आउट होने की सूचना मिली। टीम ने क्यआर कोड व अन्य सुरक्षा फीचर्स की मदद से पेपर वायरल करने वालों को पकड़ा।

### यह था मामला

गुरुवार को 12वीं बोर्ड का अंग्रेजी का पेपर था। मगर, वह करीब 15–20 मिनट में ही नूंह और पलवल से आउट हो गया था। इसके बाद शुक्रवार को 10वीं का गणित का पेपर हुआ। वह भी कुछ ही देर में नूंह और झज्जर से आउट हो गया। इसके अलावा नूंह में लोग छतों–दीवारों पर चढ़कर अंदर पर्चियां फेंकते हुए नजर आए। सोनीपत में तो महिला टीचर भी बच्चों के लिए पर्चियां बनाती नजर आई थी।

### अब तक दस आरोपित गिरफ्तार

पुन्हाना के डीएसपी प्रदीप खत्री ने बताया कि परीक्षा लीक मामले में अब तक 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन परीक्षार्थी दो सुपरवाइजर और एक महिला टीचर शामिल है। इन सभी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बोर्ड परीक्षाओं में नकल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्र के बाहर भीड़ को काबू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात की जाएगी और नकल करवाने में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# रोहतक में महिला कांग्रेस नेता की हत्या, सूटकेस में मिला शव

**विजय नगर में किराए के मकान में रहती थी घर पर ताला लगा मिला, पड़ोसी बोले, हमें जानकारी नहीं**

## *हिमानी नरवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थी गला घोंटकर मारा, सांपला बस स्टैंड के पास फेंकी लाश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक/सांपला

रोहतक में कांग्रेस की युवा महिला नेता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसके शव को सूटकेस में डालकर फेंक दिया गया। शनिवार को सूटकेस सांपला बस स्टैंड के पास फ्लाइओवर के पास से बरामद हुआ है। सूटकेस खोलकर देखा गया तो इसमें युवती का शव बरामद हुआ। उसके हाथ में मेहंदी लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि युवती की हीं और की गई है। इसके बाद शव को काले रंग के सूटकेस में डालकर रात के समय यहां फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया है। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि सूटकेस से बदबू आ रही थी। इसे खोला गया तो इसमें युवती की लाश मिली। उसकी उम्र 22-23 साल है। उसने सफेद सूट पहना था। काली चुन्नी उसके गले पर लिपटी थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने सूटकेस और लड़की के कपड़ों से सैंपल भरे। युवती के नाक से खून निकला हुआ था। पुलिस का कहना है कि युवती गला घोंटकर हत्या की गई है।



सांपला में बस स्टैंड के पास मिला सूटकेस और उसमें मिली युवती की लाश।

### कानून व्यवस्था पर बदनुमा धब्बा : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि रोहतक की हिमानी नरवाल हत्याकांड की खबर सुनकर वो पूरी तरह स्तब्ध हैं। एक लड़की की इस तरह हत्या होना और उसका सूटकेस में शव मिलना, बेहद दुखदाई और आघात पहुंचाने वाला है। यह अपने आप में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बदनुमा धब्बा है।

### कांग्रेस की एक्टिव सदस्य थी : बत्रा

विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि, सूचना मिली कि कांग्रेस नेत्री हिमानी का शव सूटकेस में मिला है। हिमानी कांग्रेस की एक्टिव सदस्य रहीं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ और चुनावों में भूपेंद्र हुड्डा के साथ काम किया। ऐसी घटना होना शर्मनाक है। पुलिस को तुरंत एसआईटी गठित करनी चाहिए।

### इंस्टाग्राम पर लास्ट पोस्ट 20 फरवरी को डाला था

हिमानी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थीं। इंस्टाग्राम पर उसके 14 हजार से ज्यादा फॉलोअर हैं। उसने इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 1649 पोस्ट डाली हैं। लास्ट पोस्ट 20 फरवरी 2025 को एक युवक के साथ अपलोड की थी, जिसमें भाई को जन्मदिन की बधाई दी थी। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राजनीति से जुड़े हुए ढेर सारे वीडियो और फोटो डाले हुए हैं। वह रोहतक से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा के समर्थन में लगातार प्रचार करती दिखाई देती थीं, वहीं भाजपा पर कटाक्ष करते हुए पोस्ट करतीं थीं।

### भाई की भी हुई थी हत्या पिता कर चुके सुसाइड

हिमानी के पिता शेर सिंह ने आठ साल पहले आत्महत्या की थी। वहीं, उसके भाई को भी मर्डर कर दिया गया था। इसके बाद उसकी मां और दूसरा भाई दिल्ली चले गए। हिमानी की मां नजफगढ़ इलाके में रहती है। वहीं हिमानी विजय नगर में किराए के मकान में रहती थी। वहां पर ताला लगा मिला है। पड़ोसियों को कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला

■

31 मार्च से लागू होगा नियम, ई-बसें चलाई जाएंगी

■

राजधानी से सीएनजी बसों को भी हटाया जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।' ऊंची इमारतों, होटलों और दूसरी ऊंची इमारतों में एंटी-स्मॉग गन लगाना कंपल्सरी होगा। सिरसा के मुताबिक दिल्ली में लगभग 90% पब्लिक सीएनजी बसों को दिसंबर तक सिस्टेमेटिक तरीके से हटा दिया जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। जो स्वच्छ और टिकाऊ पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए अच्छी हैं।

# उत्तराखंड हिमस्खलन में फंसे 50 मजदूर निकाले, 4 की मौत



अभी भी पांच लोग लापता, बचाव अभियान जारी, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 6 राज्यों के हैं 55 मजदूर

**चमोली (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के चमोली में हुए हिमस्खलन में फंस 55 लोगों में से 50 को निकाल लिया गया है। इनमें 4 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को बचाया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को निकाला गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 मजदूर अब भी लापता बताए जा रहे हैं। यह हादसा चमोली के माणा गांव के पास 28 फरवरी को सुबह 7:15 बजे हुआ था। मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के 55 मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए। रेस्क्यू में सेना के 4 हेलीकॉप्टर के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ और आर्मी के 200 से ज्यादा जवान जुटे हुए हैं। माणा तिब्बत सीमा पर भारत का आखिरी गांव है।

### कहां के कितने लोग


हिमस्खलन में फंसे 55 मजदूरों में बिहार के 11, उत्तर प्रदेश के 11, उत्तराखंड के 11, हिमाचल प्रदेश के 7, जम्मू-कश्मीर का 1 और पंजाब का 1 मजदूर शामिल है। 13 मजदूरों का पता व मोबाइल नंबर नहीं है।

### सीएम ने किया दौरा

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुबह घटनास्थल का दौरा किया और मजदूरों से मुलाकात की। इससे पहले सीएम से प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत की, रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया।

### घायलों को गंभीर चोटें

आईटीबीपी के कमांडेंट विजय कुमार पी ने कहा कि जिन मजदूरों की हालत गंभीर है उन्हें हेड इंजरी थी। 25 से ज्यादा घायलों को जोशीमठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

योग ग्राम व निरामयम्

## एलोपैथिक डॉक्टर्स के लिए होली तक उपचार का विशेष उपहार

MD, MBBS, सर्जन, डेंटिस्ट, डर्माटोलॉजिस्ट, ENT, ओफ्थाल्मोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक, गाइनीकॉलोजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट ऐसे एलोपैथी डॉक्टर्स के लिए पतंजलि वेलनेस, निरामयम् व योगग्राम में स्पेशल डिस्काउन्ट।

सेवारत डॉक्टरों के लिए 50% की छूट | सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए 100% मुफ़्त

## जिनसे मानवता का हित, उनके लिए हम समर्पित

रोगों से पीड़ित, मानवता की सेवा में लगे डॉक्टर्स को सनातन संस्कृति में हम भगवान स्वरूप मानते हैं परन्तु हृदय को पीड़ा देने वाली वेदना यह है कि रोगियों की सेवा करते–करते डॉक्टर्स भी रोगी हो जाते हैं। अति व्यस्तताओं के चलते हेल्दी लाइफस्टाइल, योग, हेल्दी फूड हैबिट्स को फॉलो ना कर पाने के कारण से वे बीपी, थायरॉइड, शुगर, अस्थमा, लीवर, किडनी, हार्ट प्रॉब्लम्स, सर्वाइकल पेन और ओबेसिटी जैसे रोग चक्र में घिर जाते हैं।

## हम अत्यन्त स्नेह, सम्मान व करुणा पूर्वक सभी डॉक्टर्स को पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में आमंत्रित करते हैं

इस आश्वासन के साथ कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, इनकी सभी लाइफस्टाईल और इंक्यूरेबल डिज़ीज़ेज को मैनेज करें और रिवर्स व डीरूट करें एवं पंचकर्म, षट्कर्म के द्वारा वे शुद्धिकरण करें। जो समर्थ हैं उनको भी 50% डिस्काउन्ट करके, एक–एक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 थेरेपियां देते हैं जो कि 5 से 10 हजार रुपए (वैल्यू) की होती हैं। प्रतिदिन शिरोधारा, अभ्यंग, बाह्य एवं आंतरिक बस्ती, हाइड्रोथेरेपी, कोलोन थेरेपी, श्रृंगी, वात मोक्षण, रक्त मोक्षण, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, ओजोन थेरेपी, यज्ञ थेरेपी एवं ऐसी अनेक रोगानुसार थेरेपीज द्वारा डिटॉक्स करें और ऋषियों की योग, आयुर्वेद की विरासत को एक्सपीरियंस करें।

**विशेष–** जो गवर्नमेंट या प्राइवेट जॉब के बाद रिटायर्ड डॉक्टर हैं एवं जिनके पास आर्थिक संसाधन नहीं है उनके लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म का 100% फ्री ट्रीटमेन्ट उपलब्ध करवा कर के हम उनकी सेवा का सौभाग्य पाना चाहते हैं।




*शर्तें लागू

**नोट–** टाईप 1 डायबिटीज़, लीवर, किडनी फेलियर, कैंसर, ऑटो इम्यून डिज़ीज के पेशेन्ट के लिए 25% off (डिस्काउन्ट) केवल मार्च महीने में उपलब्ध रहेगा।

**पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें**

8954666111, 8954666222, 8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com

यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ सीधे आकर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कार का शीशा तोड़कर नकदी से भरे बैग उड़ाए

गन्नौर। जीटी रोड पर वीर फार्म में शादी में आए एक युवक की गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर नकदी व सामान से भरे दो बैग चोरी कर ले गए। भांवर गांव के सुमित ने बताया कि 21 फरवरी की शाम को 8 बजे अपने भाई प्रमीत के साथ जीटी रोड बड़ी के निकट वीर फार्म में शादी मे आया था। वह कार को सड़क किनारे खड़ी कर खाना खाने चले गए। थोड़ी देर बाद खाना खाकर वापस आए तो उसकी कार का पिछली खिड़की का शीशा टूटा हुआ मिला और कार में रखे दो बैग चोरी हुआ मिला। उसके बैग में 40 हजार नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, दो एटीएम, जबकि उसके भाई के बैग में 5000 नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, मोटर साईकल की आरसी, क्रैडिट कार्ड रखा था।

### गांजा के आरोपी को पांच वर्ष कारावास, जुर्माना

**भिवानी।** अदालत ने एक किलो 350 ग्राम रखने के मामले में दोषी ठहराते हुए आरोपी को 05 वर्ष की कारावास व 10,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है। जुर्माना की राशि न अदा करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर पुलिस भिवानी की टीम ने वैश्य स्कूल भिवानी के पास से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। थाना शहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा नंबर - 538 दिनांक 15.10.2021 को एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था।

## स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने की वारदात, परिसर में मची दहशत

# अंबाला कोर्ट में पेशी पर आए युवक पर फायरिंग, हमलावरों की तलाश में छापे

■ सिक्योरिटी गार्ड ने बदमाशों को रोकने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित अदालत परिसर के बाहर शनिवार को स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने पेशी पर आए युवक की हत्या का प्रयास किया। बदमाशों ने युवक पर कई राउंड फायरिंग की। हालांकि हमले में युवक बाल बाल बच गया। फायरिंग के बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से गोलियों के 3 खोल बरामद किए गए हैं। फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए जिलेभर में नाकाबंदी की गई। हालांकि बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है। इस सिलसिले में अब पुलिस पेशी के लिए आए युवक के बयान दर्ज कर रही है। पेशी के लिए आए युवक के खिलाफ भी कई आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है। दरअसल शनिवार को अदालत में अंबाला छावनी का रहने वाला अमन सोनकर पेशी के लिए आया था। जमानत पर चल रहे अमन पर भी हत्या समेत कई केस दर्ज हैं। अंबाला शहर थाना प्रभारी सुनील वत्स ने बताया कि अंबाला कैंट की खटीक मंडी के रहने वाला अमन सोनकर शनिवार को अदालत में पेशी पर आया था। जब वह अदालत परिसर के गेट के पास पहुंचा तो काली रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। सोनकर की फायरिंग करने वाले बदमाशों के साथ रंजिश चल रही है। इसी वजह से बदमाश सोनकर को मौत के घाट उतारने के इरादे से यहां आए थे। एसएचओ ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया। टीमें इनका पीछा कर रही हैं। उम्मीद है जल्द ही इन लोगों को पकड़ लिया जाएगा। अदालत परिसर में तैनात सिक्योरिटी गार्ड रंजीत कुमार ने बताया है कि उसके सामने ही एक कार आकर रुकी। उसमें से 2 युवक निकले, जिनमें से एक के हाथ में पिस्तौल थी। उसने बताया कि हथियारबंद युवक को उसने रोकने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। रंजीत ने बताया कि फायरिंग के बाद भी उसने युवक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह मौका पाकर फरार हो गया।



अंबाला। अदालत परिसर से गोलियों के खोल जब्त करते पुलिस अधिकारी।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

उधर अंबाला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन इस घटना पर बेहद अफसोस जताया। साथ ही अदालत परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह अदालत परिसर में फायरिंग हो रही है उससे तो यहां वकील भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने इस मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### रादौर में बाइक सवार बदमाशों ने स्कार्पियो पर की फायरिंग

रादौर। रादौर क्षेत्र के गांव सतगौली में शनिवार को बाइक सवार अज्ञात लोगों ने एक स्कॉर्पियो कार पर फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि कार चालक बाल बाल बच गया।बताया गया है कि बाइक सवार युवकों ने स्कॉर्पियो पर ताबड़तोड़ दो फायर किए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हड़ताल माजरी निवासी शेर सिंह मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन के नजदीक से दोपहर के वक्त पारिवारिक सदस्यों का सर्टिफिकेट लेकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जब दोपहर एक बजे वह सतगोली के एक ट्यूबवेल के नजदीक पहुंचे तो बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायर कर दिए। गनीमत रहीं जिस समय आरोपियों ने फायर किए उस समय शेर सिंह गाड़ी में नहीं थे और वह शौच करने के लिए कार से नीचे उतर कर पास में ही चले गए थे। जिससे वह बाल बाल बच गए। सूचना मिलते ही कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद प्रभावित व्यक्ति से बात की। उधर,सूचना मिलने पर एएसपी सृष्टि गुप्ता, डीएसपी रादौर आशीष चौधरी, रादौर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह, खेड़ी लक्खा सिंह इंचार्ज शमशेर राणा, सभी सीआईए व स्पेशल स्टाफ मौके पर पहुंचा। सभी अधिकारियों ने मौका किया और शेर सिंह से बात की। उन्होंने पीड़ित को आरोपियों के खिलाफ करवाई किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं खेड़ी लक्खा सिंह इंचार्ज शमशेर राणा ने बताया कि प्रभावित की शिकायत के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## जीवन यात्रा

# संत कंवर जी नशा मुक्ति, जल संरक्षण जैसी कुरीतियां मिटाने की मुहिम चला रहे



राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज जी का जन्मदिन आज

**भिवानी।** राधा स्वामी दिनोद के परम सन्त हुजूर कंवर साहेब जी महाराज ने हरियाणा प्रान्त के जिला भिवानी के गांव दिनोद में, 2 मार्च 1948 को माता मुथरी देवी की कोख से जन्म लिया। आपके पिता का नाम चौ. सुरजा राम है। आपके जन्म के मात्र चाल साल पश्चात ही आपके सिर से पिता साया उठ गया। एमए बीएड तक की शिक्षा प्राप्त हुजूर महाराज जी को प्राथमिक शिक्षा गांव दिनोद में ही मिली। संत सतगुरु के अलावा कोई नही जानता था कि साधारण सा दिखने वाला यह आलौकिक बालक आगे चलकर अपनी ज्ञान रोशनी से विश्व के अज्ञान रूपी अंधेरे को दूर करेगा। हुजूर महाराज जी का विवाह प्रचलित परम्पराओं के अनुसार अल्पायु मे ही सावित्री देवी के साथ 1964 में संपन्न हुआ। शिक्षा अर्जन पूर्ण होते ही आप शिक्षा विभाग में बतौर अध्यापक बनी सेवाएं देने लगे। शिक्षा के साथ-साथ आपने घर बार व खेती का कार्य भी बखूबी संभाल कर सच्चे कर्म योगी होने का प्रमाण दिया।

आध्यात्मिक इतिहास स्पष्ट संकेत देता है कि संतो का संग कोई बिरला ही कर सकता है। 1976 में हुजूर महाराज जी ने पहली बार राधास्वामी आश्रम दिनोद में कदम रखा और 7 जुलाई 1977 में अपने गुरू से नाम की बख्शीश ले गुरू सेवा, भक्ति और सत्संग प्रेम की ऐसी मिसाल पेश की जिसका वर्णन किसी भी सुरत में नही किया जा सकता है। स्कूल में अध्यापन कार्य व आश्रम में गुरू की सेवा। दोनो कार्य बिन किसी कोताही के आपने पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से पूरे किए। गुरू के चरणों में रहते हुए आपने उच्च कोटि के भक्ति साहित्य का सृजन भी किया। आपके द्वारा लिखित पुस्तक राधस्वामी नाम निजनाम व सदा की मुक्ति। जुई से जहान तक, प्रवचन संग्रह से राधास्वामी मत से जुडने वाले नए सत्संगियों के मन में उठने वाली प्रश्न श्रृखंला का हल चुटकी बजाते ही हो जाता है। आपकी पुस्तक सतगुरू प्रेम तो भक्ति साहित्य का अनमोल नगी ना है। पुस्तक में संकलित उच्चकोटि के शब्द जहां गुरू के प्रति आपके प्रेम की पाक गवाही देते हैं वहीं भक्ति काव्य मे आपकी ओजस्वी पकड़ का एहसास भी करते हैं। 3 जनवरी 1997 को जब परमसंत ताराचन्द जी अपनी साध संगत को हुजूर महाराज जी के सत हाथों में सौप कर अंतरध्यान हो गए तब हर चेहरा शोकाकुल था पर आपके चेहरे में वही दीप्ती थी जो आपके सतगुरू में थी। 17 मार्च 1997 को आपने प्रधानाचार्य पद से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर स्वयं को गुरू के कारज में पूर्णतयाः समर्पित कर दिया। आज आपके सद वचनों से जीव जहां आध्यात्मिक सागर के गोते लगा रहे हैं वहीं आपके द्वारा सामज सुधार हेतु जारी नियम जीव की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति की सीढ़ी भी बने हैं। आपने नशा मुक्ति, सदाचार, मांसाहार त्याग, जल संरक्षण, पर्यावरण सरंक्षण जैसी सामाजिक मुहिम चलाकर कई कुरितियों को नेस्तानाबूद किया है। इसके अतिरिक्त आपने वर्तमान सामज की सबसे घिनौनी बिमारी कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध प्रभावशाली अभियान चलाकर स्वयं का संत सिपाही रूप भी समाज को दिखाया।

संतमत के अनुसार गुरुमुख वो है जो गुरु के कार्य को आगे बढ़ाए। आपने इस उक्ति को अक्ष्रशः सत्य साबित किया। आज देश विदेश में फैली राधास्वामी आश्रम दिनोद की 44 शाखाएं और लाखों करोड़ों की संगत इस बात प्रमाण है कि आप संतमत में गुरूमुखता का अनुपम एंव अविस्मरणीय उदाहरण हैं।

### पर्यावरण प्रेम

परम संत हुजूर कंवर साहेब जी महाराज अध्यात्म के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी सजग है प्रतिदिन दिनोद गांव में स्थित राधा स्वामी आश्रम में लोगों को सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक खुराक परोसने के साथ-साथ हुजूर कंवर साहेब जी आश्रम परिसर में रोहित हजारों पेड़ पौधों की देखभाल में भी अपना समय दे रहे हैं। अपने गुरु परम संत ताराचंद जी महाराज की समाधि स्थल पर ही उन्होंने अनगिनत पेड़ पौधे लगाए हुए हैं इसके अलावा आश्रम परिसर मैं ही आयोजित लगभग 20 एकड़ के सत्संग भवन में उन्होंने हजारों की संख्या में फल फूल और छाया देने वाले वृक्ष लगा रखे हैं ।

उनकी दैनिक दिनचर्या में यह शामिल है कि हर रोज प्रातः 3:00 बजे वह बिस्तर छोड़ देते हैं नित्य कर्म करने के पश्चात हर दिन इन पेड़ों के बीच में सैर करने निकलते हैं आश्रम परिसर में सैकड़ों की संख्या में आम नीम पीपल आपको नजर आ जाएंगे इसके अलावा बेहतरीन तरीके से की गई बागवानी आप का मन मोह लेगी बागवानी में आने को प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों वाले पहुंचे शामिल है रेगिस्तान के इलाके में हरी भरी घास के अलावा आम अंजीर चीकू आडू बेर के पेड़ होना अपने आप में ही एक चमत्कार है :

*लेखक, संदीप खरकिया, राधा स्वामी सत्संग ( दिनोद) भिवानी, हरियाणा*

## चिकित्सा

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सवा करोड़ की साइबर ठगी में आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** 2023 में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लगभग 1.27 करोड़ रुपये की साइबर ठगी मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइबर ठगों को कमिशन बेस पर बैंक खाता मुहैया कराता था। उसके खाते में ठगी के 4.89 लाख डलवाए गए थे। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। ओढ़ी निवासी दीपेंद्र ने 3 नवंबर 2023 को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह नंदकिशोर फिलिंग स्टेशन पर बतौर कैशियर लगा हुआ है। उसके फोन की टेलीग्राम एप पर 30 सितंबर 2023 को पार्ट टाइम जॉब के लिए ऑफर आया था। उसके पास एक लिंक भेजा गया था, जिसे क्लिक करने के बाद वह ज्वाइन हो गया था। उसे पहले ऑनलाइन टास्क करने के नाम पर 800 रुपये दिए गए। इसके बाद व्हाट्स एप ग्रुप उसी दिन ज्वाइन करा दिया गया। टास्क खेलने के लिए उसे एक खाता नंबर दिया गया, जिस पर उसने 10 हजार जमा करा दिए। उसके बदले उसे 10183 रुपये दिए गए। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उससे 12674039 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसने जब पैसा रिफंड करने के लिए कहा, तो उसे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

### महिला से पांच लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन टास्क के बदले मोटा पैसा कमाने का लालच देकर एक महिला को लगभग 5 लाख की ठगी का शिकार बना दिया। पुलिस शिकायत में सेक्टर-10 निवासी निकिता ने बताया कि उसने टेलीग्राम पर एक ग्रुप ज्वाइन किया था। उसे ग्रुप पर टास्क दिया गया था, जिसे पूरा करने के बाद 200 रुपये दिए गए। दोबारा टास्क के लिए उससे 600 जमा कराए गए, जिसके बदले उसे 825 रुपये वापस दिए गए। उसने अपने खाते से 5.04 लाख रुपये जमा करा दिए। जब उसने पैसा वापस निकालने का प्रयास किया, तो पैसे वापस नहीं मिले। ग्रुप पर संपर्क करने पर उसे ठगी पता चला।

## छात्र को पीटने वाले पुलिसकर्मी पर एफआईआर वीडियो वायरल होने पर डीजीपी ने लिया संज्ञान

■ मेडिकल जांच में छात्र को पांच जगह पर इंजरी

**जींद।** कौशिक नगर में 12वीं के परीक्षार्थियों पर पुलिसकर्मी द्वारा बिंडे के साथ पिटाई करने के बाद से दोनों छात्र खौफ में हैं। वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी के संज्ञान में मामला गया और पुलिस कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। मेडिकल जांच में छात्र को पांच जगह पर इंजरी आई हैं। छात्र व परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मी ने नशे की हालत में उनके साथ मारपीट की। अलेवा क्षेत्र के गांव बधाना निवासी दिनेश व मनीष ने बताया कि वह 12वीं कक्षा के छात्र हैं। दिनेश को बुखार की शिकायत थी, इसलिए वीरवार को पेपर देने के लिए गाड़ी में गए थे। जाते समय एसडी स्कूल के पास उन्होंने अपनी कार रोकी हुई थी। तभी पुलिस कर्मी ने उनकी कार को साइड मारी और आगे निकल गया। उन्होंने उसे रूकवाने की कोशिश की लेकिन उसने नही रोकी। पुलिस कर्मी राजेश अंबाला में आईआरबी में हेड कांस्टेबल है लेकिन जींद में वर्दी पहन कर घूम रहा था और नशे की हालत में था। मनीष ने बताया कि शुरूआत में आरोपित पुलिस कर्मी ने उसे और दिनेश को थप्पड़ मारे, इसके बाद बिंडे के साथ पीटने लगा तो उसने वीडियो बना ली। दिनेश ने बताया कि उसे सिर, कंधे, कमर, टांग पर पांच जगह पर इंजरी है। दो जगह गुम चोट लगी है।

### बीमारी से परेशान होकर महिला की आत्महत्या

**साहा।** हल्दरी गांव में 45 वर्षीय महिला परमजीत ने घर से कुछ दूरी पर बने पशुओं के बाड़े में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अलसुबह पति काम करने के लिए बाड़े में गया तो देखा कि गार्डर पर परमजीत ने फंदा लगा रखा था। पुलिस को जांच में सुसाइड नोट भी मिला था। इसमें जिक्र था कि वह बीमारी के चलते आत्महत्या कर रही है। इसमें पति और ससुराल पक्ष का कोई जिम्मेदार नहीं है। बेटे के लिए लिखा था कि वह उसकी शादी देखना चाहती थी लेकिन बीमारी के कारण परेशान है। पुलिस ने महिला का छावनी नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि वह डिप्रेशन का शिकार थी पति मेघराज ने बताया कि शादी के बाद 24 साल का एक बेटा है जो फैक्टरी में काम करता है। पत्नी घर पर ही सोई थी।

### कालांवाली में चलती ट्रेन से नीचे गिरने से एक बच्ची की मौत

**कालांवाली।** शहर कालांवाली में रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह नूनियां पीर की दरगाह के पास दर्दनाक हादसा घटित हुआ। चलती ट्रेन से गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान सृष्टि निवासी मधेयपुरा बिहार के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बच्ची के पिता अमित कुमार ने बताया कि वो मंडी आदमपुर में स्थित कॉटन फैक्टरी में मजदूरी का काम करते है। वो एक माह के लिए परिवार के साथ बिहार में गए हुए थे। शनिवार सुबह वो बठिंडा से मंडी आदमपुर को जाने वाली दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान बच्चे आपस में खेल रहे थे और परिवार सोया हुआ था। जैसे ही ट्रेन कालांवाली के पास पहुंची तो पास बैठे यात्री ने बच्ची की चिल्लाने की आवाज सुनी और उन्हे बताया कि बच्ची चलती ट्रेन से नीचे गिर गई है। फिर यात्रियों ने 3 किमी आगे ट्रेन की चैन खींचकर ट्रेन को रूकवाया और बच्ची के पास पहुंचे।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद महेंद्रगढ़**
फोन - 01282-250423

जिला परिषद कार्यालय में प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ खाली जगह में पार्किंग स्टैण्ड की खुली बोली दिनांक 18.03.2025 को सुबह 11 बजे लगाई जाएगी। बोली की सभी शर्तें मौके पर बताई जाएगी।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**जिला परिषद नारनौल**

**Reminder**
**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vikrant**
Additional Civil Judge (Senior Division),
Kharkhoda
**RISHI PARKASH**
**Vs.**
**NARAIN SINGH etc.**
CNR No. HRSOC0-000118-2019
Next Date : 12.05.2025
SUIT FOR DECLARATION WITH CONSEQUENTIAL RELIEF OF PERMANENT INJUNCTION
**NOTICE TO:**
**DEFENDANT NO.3= ASHWANI SON OF NARAIN SINGH**
**DEFENDANT NO.4= YASHBIR @ YASHVIR SON OF NARAIN SINGH**
**DEFENDANT NO.5= JOGINDER SON OF NARAIN SINGH**
**DEFENDANT NO.6= YOGINDER SON OF NARAIN SINGH ALL RESIDENT OF VILLAGE MATINDU TEHSIL KHAKROHDA. DISTT. SONIPAT.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Sh. Vikrant, Additional Civil Judge (Senior Division), KHAKROHDA (Sonipat)
Dated, this day of 28.02.2025

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

# प्रदेश में पांच तक बारिश का अलर्ट, दिन का तापमान गिरेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**सोनीपत, पलवल, फरीदाबाद और झज्जर में बारिश**

प्रदेश में कई दिनों से मौसम रोज करवट बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा। इससे दिन के तापमान में गिरावट आएगी। शनिवार सुबह करीब पांच बजे हिसार सोनीपत और पलवल में तेज बारिश शुरू हुई। इस दौरान बादल गरजे और बिजली चमकी। सुबह से यही हाल पलवल, फरीदाबाद और झज्जर में भी है। वहीं, सिरसा में बारिश के बाद हल्की धुंध भी दिखाई पड़ी। एक दिन पहले ही ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। गेहूं और सरसों की फसल खेतों में बिछी दिखी। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 3 और 4 मार्च को हवा में बदलाव आने से ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। 5 मार्च के बाद उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से फिर से रात्रि तापमान में गिरावट आने की भी संभावना है। इसके अलावा हिसार, भिवानी, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, करनाल और पंचकूला के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण दिन के तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। उनका कहना है कि मौसम का यह उतार-चढ़ाव 5 मार्च तक चलेगा।




जींद। आसमान में छाई काली घटाएं।

## सुबह बरसात से ठंड का अहसास दिन में रही धूप

**बहादुरगढ़।** इलाके में तीन दिन से मौसम बदला हुआ है। शनिवार की सुबह भी बरसात हुई। कुल दो एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते तापमान में गिरावट महसूस हुई है। हालांकि दोपहर को तेज धूप खिल आई। दरअसल, इस दफा फरवरी माह में गर्मी अधिक बढ़ गई थी। तापमान तेजी से बढ़ रहा था।

अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया था। इसी दौरान वीरवार को बूंदाबांदी के बाद मौसम में बदलाव हुआ। दो दिन बूंदाबांदी हुई और शनिवार को सुबह के वक्त हलकी बरसात हुई। कुछ घंटे बादल छाने के बाद दोपहर को धूप खिल आई। बीते दिन से मौसम में आए बदलाव के चलते वातावरण में ठंड फिर से महसूस हो रही है। तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज हुई है। अन्यथा इससे पहले गर्मी बढ़ने से लोगों की दिनचर्या बदलने लगी थी।

## शब्द पहेली - 5794




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5793 का हल





# चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को बेहतर खेलने पर रहेगा भारत का फोकस

एजेंसी ▶▶| दुबई

अब तक अपराजेय भारतीय टीम का फोकस स्पिन को बेहतर खेलने पर होगा और न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में रविवार को उन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है जो अब तक बाहर बैठे हैं। आखिरी ग्रुप मैच जीतने से भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा।

■ मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर आज दोपहर 2.30 बजे

अब सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया से होगा और दोनों के पास बेहतरीन स्पिनर हैं। भारत ने दोनों मैच जीते हैं लेकिन स्पिनरों ने भारतीयों को परेशान किया है और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी न्यूजीलैंड टीम इसका फायदा उठा सकती है।



### स्पिनरों का दिख रहा दबदबा

टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों (रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर) के चयन को लेकर भारत की आलोचना हो रही थी लेकिन यहां स्पिनरों के दबदबे ने भारत को मजबूती दी है। हाल ही में आईएलटी 20 की मेजबानी करने वाले दुबई के इस मैदान की पिचें अब ताजा नहीं है जिससे स्पिनरों को मदद मिल रही है। भारत ने दो मैचों में जडेजा, अक्षर और कुलदीप को उतारा है और तीनों प्रभावी रहे हैं। उन्होंने बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये और इकॉनॉमी रेट पांच से नीचे ही रहा है।



### रोहित-शमी को आराम

*भारत जीत की लय को कायम रखना चाहेगा लेकिन सेमीफाइनल से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित को गर्मी से असहज महसूस हो रहा था और वह 20 मिनट तक मैदान से बाहर रहे। बल्लेबाजी में हालांकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई।*



### पंत को मिलेगा मौका

*वैसे इस मैच में कुछ दाव पर नहीं लगा है लिहाजा रोहित को ब्रेक दिया जा सकता है। ऐसे में ऋषभ पंत को टूर्नामेंट में पहला मैच खेलने का मौका मिल सकता है । शमी को भी पिंडली में परेशानी हो रही थी और उन्हें भी रिकवरी ब्रेक मिल सकता है। ऐसे में अर्शदीप उनकी जगह आ सकते हैं और चक्रवर्ती को कुलदीप की जगह उतारा जा सकता है।*

### सेंटनेर और ब्रेसवेल की चुनौती

*भारत के स्टार बल्लेबाजों ने बांग्लादेश के स्पिनरों मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन के खिलाफ जोखिम लेने से बचने की रणनीति अपनाई। यही तरीका उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद के खिलाफ भी अपनाया और ये तीनों गेंदबाज काफी किफायती साबित हुए। अब उनके सामने मिचेल सेंटनेर और माइकल ब्रेसवेल की चुनौती होगी जो इस टूर्नामेंट में स्पिन के सामने सबसे कठिन परीक्षा भी रहेगी। दोनों कीवी स्पिनर अच्छे फॉर्म में हैं और दुबई की पिच पर और प्रभावी साबित हो सकते हैं।*

### 20 ओवर खेलना है स्पिन गेंद

*भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को इक्के दुक्के रन लेकर बड़े शॉट तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलते आए हैं। लेकिन अब उन्हें 20 ओवर सेंटनेर और ब्रेसवेल का सामना करना है जबकि ग्लेन फिलिप्स भी अनियमित स्पिन गेंदबाज हैं। पिछले साल के आखिर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला में सेंटनेर और फिलिप्स के खिलाफ भारत का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। भारत को उसमें 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी थी और अब यहां इन दोनों के साथ ब्रेसवेल भी हैं जिन्होंने अब तक दो मैचों में 3.2 की औसत से ही रन दिए हैं। ऐसे में फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जमाने वाले विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को प्रभावी प्रदर्शन करना होगा।*

## खबर संक्षेप



### अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को दिए जूते

**दुबई।** आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिए यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किए। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, 'पाजी क्या हाल चाल, सब बढ़िया।' जसकिरण ने कहा, 'श्रेयस भाई मेरे पास आए और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिए। मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है।'

### डु प्लांटिस ने बेहतर किया विश्व रिकॉर्ड




**क्लेरमोंट-फेरां।** मोंडो डुप्लांटिस ने यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर मीट के दौरान पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर करके 6.27 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस ने पोलैंड में अगस्त में बनाए गए अपने विश्व रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर बेहतर किया। यह पोल वॉल्ट में उनका 11वां विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यहां रिकॉर्ड बनाया।

### टेबल टेनिसः अंकुर और सिंड्रेला ने खिताब जीता

**वडोदरा।** अंकुर भट्टाचार्जी और सिंड्रेला दास ने शनिवार को यहां डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर टेबल टेनिस में क्रमशः अंडर-19 लड़के और लड़कियों का एकल खिताब जीता। भट्टाचार्जी ने अंडर-19 लड़कों के वर्ग के फाइनल में अभिनंद प्रधिवधी को 3-0 (11-5, 18-16, 11-5) से हराया। सिंड्रेला दास ने अनन्या चंदे के खिलाफ 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंडर-19 लड़कियों का एकल खिताब जीता। दिव्यांशी भौमिक ने अंडर-15 श्रेणी में एक बार फिर स्वर्ण पदक जीता जिससे उनके खाते में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक और मिश्रित श्रेणी में एक रजत पदक हो गया।

### पहले दिन उत्तराखंड, दिल्ली केरल और आंध्र प्रदेश जीते

**पंचकुला।** हॉकी उत्तराखंड, दिल्ली हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी ने शनिवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन डिवीजन बी में जीत हासिल की जबकि केरल हॉकी और हॉकी आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी में जीत से अपना अभियान शुरू किया। हॉकी उत्तराखंड ने दिन की शुरुआती मुकाबले में पूल ए में बिहार हॉकी संघ को मात दी। इसी डिवीजन के पूल बी में दिल्ली हॉकी ने हॉकी चंडीगढ़ पर 4-1 से जीत दर्ज की, जबकि छत्तीसगढ़ हॉकी ने हॉकी हिमाचल पर 5-1 से जीत दर्ज की। केरल हॉकी और हॉकी आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी में प्रमुख जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड दूसरी बार एक भी जीत दर्ज किए बिना टूर्नामेंट से बाहर

# द.अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम, इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कराची

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मुश्किलों से जूझ रही इंग्लैंड की टीम को सात विकेट से हराने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिच क्लासेन (64 रन) और रासी वान डर डुसेन (नाबाद 72 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 122 गेंद में 127 रन की साझेदारी की मदद से 29.1 ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

इंग्लैंड के इतिहास में यह दूसरी बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी के किसी चरण में उसने एक भी जीत दर्ज नहीं की। इससे पहले 1998 में ऐसा हुआ था। सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके इंग्लैंड को रन-रेट के आधार पर अफगानिस्तान को क्वालीफाई करने का मौका देने के लिए कम से कम 207 रन से जीत की जरूरत थी। लेकिन वह 38.2 ओवर में टूर्नामेंट के सबसे कम 179 रन के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने मैच के परिणाम निकले बिना ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में पांच अंक लेकर आस्ट्रेलिया (चार अंक) से आगे शीर्ष पर रहा।




### सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका को यात्रा की चुनौती

*दुबई। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम चार मैच से पहले दुबई के लिए उड़ान भरेंगी लेकिन अभी यह तय नहीं है कि उनका सेमीफाइनल दुबई में होगा या पाकिस्तान में। चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल चार मार्च को खेला जाएगा जबकि लाहौर बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में भारत की मौजूदगी तय है लेकिन रोहित शर्मा की टीम के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में से किसका सामना होगा इसका पता रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के आखिरी मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। भारत अपना नॉकआउट मैच मंगलवार को दुबई में खेलेगा चाहे वह ग्रुप ए में पहले स्थान पर रहे या दूसरे स्थान पर। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे सेमीफाइनल के लिए कौन सी टीम लाहौर लौटेगी, इसका पता चलने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों को दुबई जाना होगा और रविवार के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा।*

### सेमीफाइनलिस्ट तय

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में चारों सेमीफाइनलिस्ट का फैसला हो गया है। न्यूजीलैंड, भारत, ऑस्ट्रेलिया के बाद अब साउथ अफ्रीकी टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका की एंट्री के साथ ही अफगानिस्तान की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में कौन सी टीम किससे मुकाबला करेगी, ये रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के बाद ही पता चल पाएगा। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंचीं। वहीं ग्रुप-बी से साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने ये उपलब्धि हासिल की।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का डुसेन बो यानसेन | 08 | 06 | 2 | 0 |
| बेन डकेट का एवं बो यानसेन | 24 | 21 | 4 | 0 |
| स्मिथ का मारक्रम बो यानसेन | 00 | 03 | 0 | 0 |
| जो रूट बो मुल्डर | 37 | 44 | 4 | 1 |
| ब्रुक का यानसेन बो महाराज | 19 | 29 | 3 | 0 |
| बटलर का महाराज बो एनगिडी | 21 | 43 | 0 | 0 |
| लियाम स्ट क्लासेन बो महाराज | 09 | 15 | 1 | 0 |
| ओवरटन का एनगिडी बो रबाडा | 11 | 20 | 1 | 0 |
| आर्चर का यानसेन बो मुल्डर | 25 | 31 | 4 | 0 |
| राशिद का क्लासेन बो मुल्डर | 02 | 09 | 0 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 05 | 10 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 38.2 ओवर में 179/10
**गेंदबाजी :** यानसेन 7-0-39-3, एनगिडी 7-0-33-1, रबाडा 7-1-42-1, मुल्डर 7.2-0-25-3, महाराज 10-1-35-2.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकलटन बो आर्चर | 27 | 25 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो आर्चर | 00 | 05 | 0 | 0 |
| रासी वान डर डुसेन नाबाद | 72 | 87 | 6 | 3 |
| क्लासेन का महमूद बो राशिद | 64 | 56 | 11 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 29.1 ओवर में 181/3
**गेंदबाजी :** आर्चर 9-0-55-2, महमूद 5-0-31-0, ओवरटन 5-0-34-0, राशिद 7-0-37-1, लिविंगस्टन 3.1-0-24-0.

## महिला प्रीमियर लीग

# शेफाली की विस्फोटक पारी से दिल्ली ने आरसीबी को हराया




भाषा ▶▶| बेंगलुरु

दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नाबाद 80 रन) और जेस जोनासेन (नाबाद 61 रन) के विस्फोटक अर्धशतकों से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 27 गेंद रहते नौ विकेट से हराकर जीत की लय जारी रखी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से करारी शिकस्त देने वाली दिल्ली कैपिटल्स के लिए शेफाली और जोनासेन ने दूसरे विकेट के लिए महज 77 गेंद में 146 रन की अटूट साझेदारी निभाकर आसान जीत दिलाई। शेफाली ने अपनी तेज तर्रार पारी के लिए 43 गेंद खेली जिसमें आठ चौके और चार छक्के जड़े थे। वहीं जोनासेन ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 38 गेंद में नौ चौके और एक छक्के से नाबाद 61 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान मेग लैंनिंग (02) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। आरसीबी ने एलिस पैरी (नाबाद 60 रन) की अर्धशतकीय पारी से पांच विकेट पर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली और जोनासेन की मदद से यह लक्ष्य 15.3 ओवर में एक विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह आरसीबी का हारने का सिलसिला जारी रहा, यह उसकी लगातार चौथी शिकस्त है। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पैरी ने आरसीबी को शुरूआती झटकों से उबारते हुए सत्र का चौथा अर्धशतक जड़ा।

## क्लासिकल रेटिंग

# गुकेश बने वर्ल्ड नंबर-3 शीर्ष 10 में प्रज्ञानानंदा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की शनिवार को जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंदा फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे।

■ प्रज्ञानानंदा की शीर्ष 10 में वापसी

गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। 18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गए हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा से हार गए थे। वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा (2802) से 15 अंक पीछे हैं।

### शीर्ष पर कार्लसन

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (2833) दुनिया में शीर्ष रैंकिंग के शतरंज खिलाड़ी बने हुए हैं। गुकेश ने इस रैंकिंग में हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ दिया है।

### प्रज्ञानानंद के 2758 रेटिंग अंक

एरिगैसी इससे पहले लंबे समय तक शीर्ष रैंक वाले भारतीय थे। वह 2777 की रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। प्रज्ञानानंद टाटा स्टील मास्टर्स में जीत से पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। मौजूदा समय में प्राग मास्टर्स में खेल रहा यह भारतीय खिलाड़ी 17 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 2758 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहा।

### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने दर्ज की पहली जीत

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानानंदा ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए। वहीं अमेरिका के सैम शंकलैंड को जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार मिली। प्रज्ञानानंदा और कीमर दो दो अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

## 'फिट इंडिया...' को ओलंपिक चैंपियन नीरज का समर्थन

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को सरकार के 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया। कहा कि इस पहल से लोगों को सिर्फ अपनी फिटनेस सुधारने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी योगदान करेंगे। भाला फेंक सुपरस्टार ने लोगों से हर रविवार को समय निकालकर इस पहल में शामिल होने का आग्रह किया। चोपड़ा ने कहा, 'नमस्ते 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अपनी फिटनेस सुधारने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देने का एक शानदार तरीका है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर आप हर दिन समय नहीं निकाल पा रहे हैं तो कृपया हर रविवार को साइकिल चलाएं।' साइकिलिंग अभियान की शुरुआत पिछले साल 17 दिसंबर को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज' और प्रदूषण का समाधान खोजने के समग्र उद्देश्य के साथ की थी।



# बिली जीन किंग कपः विशाल ने की बतौर कप्तान टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ की चयन समिति ने आगामी बिली जीन किंग कप के लिए शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया जिसका नेतृत्व अंकिता रैना कर रही हैं जबकि विशाल उप्पल की कप्तान के तौर पर दो साल बाद वापसी हुई है। नंबर एक खिलाड़ी रैना की टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी होंगे जबकि प्रार्थना थोम्बरे पांच सदस्यीय टीम में युगल विशेषज्ञ होंगी।

हाल में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली माया राजेश्वरन टीम में रिजर्व खिलाड़ी होंगी। भारत आठ अप्रैल से पुणे के डेक्कन जिमखाना में बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा।



आयोजन स्थल पर 2 अप्रैल से ट्रेनिंग शिविर शुरू होगा जिसमें रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर को भी तैयारियों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। मार्च 2023 में उप्पल को गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में हटा दिया गया और उनकी जगह शालिनी ठाकुर को नियुक्त किया गया।

### नायर का सत्र में 9वां शतक, विदर्भ ने केरल पर बनाई 286 रन की बढ़त

**नागपुर।** करुण नायर ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन दूसरी पारी में शनिवार को यहां नाबाद 132 रन बनाकर विदर्भ को 286 रन की कुल बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना चौथा शतक जड़ा। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी पांच शतक लगाए जिससे इस सत्र में उनके नाम कुल नौ शतक हो गए। नायर की इस पारी से विदर्भ रणजी ट्रॉफी के अपने तीसरे खिताब के काफी करीब पहुंच गया है। रणजी ट्रॉफी के 90वें सत्र के फाइनल में नायर ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 280 गेंद की धैर्यपूर्ण पारी में 132 रन बनाए जिससे विदर्भ ने दिन का समापन चार विकेट पर 249 रन पर किया। विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल की थी। पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले दिनेश मालेवार ने एक बार फिर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाए और चौथे विकेट के लिए नायर के साथ 182 रन की बड़ी साझेदारी की।

## दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का आकलन

# अफगानिस्तान जीत सकता है आईसीसी टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है।

अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है। स्टेन ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, 'हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम इंस्टाग्राम स्टोरी को भी महज मुश्किल से दो सेकंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं।




संयम सबसे बड़ी चीज में से एक है जिसे अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को सीखने की जरूरत है। और एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे तो अगले दशक में वे निश्चित रूप से आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं।' स्टेन ने कहा, 'वे चाहते हैं कि चीजें इतनी जल्दी हो जाएं कि हर गेंद विकेट लेने वाली होनी चाहिए। पारी बनाते हुए और विकेट लेने के लिए संयम नहीं है। बल्लेबाज भी ऐसा ही करते हैं। पहले ओवर में बल्लेबाजी में ही क्रीज पर इतनी अधिक हलचल होती क्योंकि वे छक्का मारने की कोशिश करते हैं और वे पारी को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।'

### शॉर्ट चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर

लाहौर। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भारत या न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। शॉर्ट ने बारिश के कारण रद्द हुए मैच में 15 गेंद में 20 रन बनाए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजइ ने पवेलियन भेजा था। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, 'मुझे लगता है कि वह पूरी तरह फिट नहीं है। हमने देखा कि वह ठीक से मूवमेंट नहीं कर पा रहा था। अगले मैच में उसका रिकवर हो पाना मुश्किल होगा।'

**हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (उच्च व निम्न रक्तचाप), शुगर (डायबिटीज या मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। देश में करीब 40 करोड़ लोग जीवनशैली संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सालाना करीब 60 लाख लोगों की जीवनशैली संबंधित रोगों के चलते मौत हो जाती है। इसके अलावा भी कई एक्यूट रोग हैं, जिनके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कारोना महामारी के समय देश के सरकारी स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर की पोल खुली, उसके बाद से सरकार ने लगातार हेल्थ संबंधी बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने की कोशिश की है, लेकिन भारत जैसे बड़ी आबादी व जरूरती देश के लिए सरकार की कोशिश ऊंट के मुंह में जीरा साबित होती है। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर लेने की जरूरत है, इसमें बड़े निवेश की आवश्यकता है। इसी के साथ योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा जैसे प्रिवेंटिव हेल्थ सिस्टम को सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम से जोड़ने की आवश्यकता है। जीनशैली संबंधी रोगों की स्थिति का आंकलन करता आजकल का यह अंक..**

# जीवनशैली से संबंधित रोग बड़ी चुनौती



सेहत

डा ए.के. अरुण

जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक व होम्योपैथिक चिकित्सक

**जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से सम्बंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना छह मिलियन लोगों की जान जा रही है।**

जीवनशैली से संबंधित रोगों के बारे में मेरी धारणा स्पष्ट है कि पहले आधुनिकता के नाम पर ग़लत जीवनशैली अपनाओ और बीमार बनो, फिर उसके इलाज के लिए अस्पतालों और डाक्टरों के पास भटको। जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से सम्बंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। यदि हमारे दैनिक जीवन की आदतें, जैसे भोजन, नींद, व्यायाम, दिनचर्या, तनाव का स्तर आदि स्वस्थ्य नहीं है तो यह जीवन शैली के रोगों की वजह बन सकता है। विगत कुछ वर्षों में कोरोना के बाद भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की स्थिति चिंताजनक रूप से बिगड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना 60 लाख लोगों की जान जा रही है। अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2030 तक इन रोगों की वजह से भारत को छह ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुक़सान उठाना पड़ सकता है।

## तनाव में 26 फ़ीसदी भारतीय

इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 26 फ़ीसदी भारतीय तनाव से जूझ रहे हैं। इनमें 17 फ़ीसदी लोगों के तनाव की वजह वित्तीय अस्थिरता है। इसी रिपोर्ट के अनुसार 24 फ़ीसदी भारतीय उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। रिपोर्ट के अनुसार विगत तीन वर्षों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप उच्च कोलेस्ट्रॉल,थायरॉइड जैसे जीवनशैली के रोगों में बहुत तेज़ी आई है। उच्च रक्तचाप एवं उच्च कोलेस्ट्रोल एक साइलेंट किलर है। यह आम भारतीयों में तेज़ी से बढ़ रहा है। उच्च कॉलेस्ट्रोल वाले लोगों की संख्या में सालाना दो फ़ीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे ही मधुमेह रोगियों का बुरा हाल है। इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 48 फ़ीसद भारतीय अस्वस्थ्य हैं। यही रिपोर्ट यह भी बता रही है कि भारत की लगभग आधी आबादी (50 फ़ीसदी) अस्वस्थ्य जीवनशैली की आदतों से



पीड़ित है। यह आंकड़ा चिंताजनक है। मानसिक रोग जैसे अनिद्रा तनाव अवसाद के साथ साथ स्लिप एपनिया के मामले भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं। कम उम्र के युवाओं में हृदयगति रुक जाने से होने वाली मौतों की घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अब सवाल उठता है कि सरकारें इन रोगों के रोकथाम प्रबंधन के लिए क्या कर रही है? विगत कुछ वर्षों से भारत सरकार का स्वास्थ्य बजट देखें तो बहुत उत्साहजनक नहीं दिखता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी बजट बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। नवीनतम राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा रिपोर्ट अनुसार पहले से ही स्वास्थ्य बजट कुल जीडीपी का लगभग 1.2-1.3 फीसदी पर स्थिर है। इसे 2025 तक 2.5-3.0 फीसदी तक बढ़ाने की बात की जा रही थी। ऐसा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में वादा भी किया गया था। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में मामूली वृद्धि की गई है। पर वह एक फीसदी के पास ही है।

## धनाभाव में सरकारी अस्पताल

विगत कोरोना वायरस महामारी के आतंक को सभी ने देखा और भुगता है। सबसे बुरी हालत मेहनतकश ग़रीब लोगों की थी। सरकारी अस्पताल लगभग नकारा थे। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो 85 फ़ीसदी सरकारी अस्पताल और उपचार केंद्र आज भी धन के अभाव में ही चल रहे हैं। कोरोना महामारी के थम जाने के बावजूद सरकार कोरोना से होने वाली मौतों का ठीक से आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। यदि देश के 748 ज़िले के अस्पताल ठीक होते तो विगत कोरोना महामारी के दौरान ऐसी अफ़रातफ़री नहीं मचती। इधर सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित कई घोषणाएं सुनाई देती हैं। इन घोषणाओं में आधुनिक जीवनशैली के रोगों से निपटने के लिए सरकारी विज्ञापन आजकल सरेआम है।

## प्रशिक्षित चिकित्सकों की कमी

कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचागत निर्माण मिशन उन योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था। सन् 2021 से 2026 तक की अवधि के लिए इस योजना में 64,180 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। लेकिन पिछले दो बजट में कुल मिलाकर लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये का ही आवंटन किया गया है। भारत में अभी भी प्रशिक्षित चिकित्सकों की संख्या लगभग 13 लाख है, जो देश में 15-20 हज़ार प्रति व्यक्ति पर एक चिकित्सक की दर से बैठती है। यदि यहां प्रति दस हज़ार व्यक्ति पर एक चिकित्सक की उपलब्धता को ही मान लें तो सन् 2050 कोई 20.7 लाख चिकित्सक और चाहिए होंगे। सच्चाई तो यह है कि प्रशिक्षण के बाद लगभग दस-बीस फ़ीसद चिकित्सक अपना चिकित्सा व्यवसाय छोड़कर किसी और धन्धे में चले जाते हैं। चिकित्सा सेवा के स्वभाव में परिवर्तन एवं देश में उपभोक्तावाद के हावी होने के बाद अधिकांश चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने अथवा निजी पांचसितारा अस्पतालों में जाना पसंद करते हैं। मसलन सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था धीरे धीरे उपेक्षित एवं नकारा होती जा रही हैं। विगत कुछ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा से संबंधित सरकारी नीतियों में जटिलता की वजह से भी दिक्कतें आ रही हैं। कहा जा रहा है कि देश में 70 हज़ार से एक लाख ऐसे डॉक्टर्स हैं जिन्होंने विदेशों में पढ़ाई की है और वे भारत में अपना रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं। लेकिन जटिल प्रक्रिया की वजह से ये अभी भी धक्के खा रहे हैं। देश में नक़ली डॉक्टरों की भी एक बड़ी संख्या है जिसे सरकार पकड़ नहीं पा रही है।

## टोगो वैक्सीन वितरण की योजना

भारत सरकार की प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) प्रति वर्ष प्रत्येक ग़रीब परिवार को 5.0 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने का दावा करती है। सरकारी दावों में लगभग 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) का लक्ष्य बताया गया है,जबकि वर्तमान में 1,68,044 आरोग्य मंदिर चलने का दावा किया जा रहा है। "आयुष्मान भव" अभियान के तहत 7.12 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड तथा 11.34 करोड़ आभा आईडी सृजित किए गए हैं। यह भी दावा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 15.33 करोड़ से ज़्यादा लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। सरकार ने अपने मासिक मंत्रिमंडल रिपोर्ट फ़रवरी 2024 में दावा किया है कि लगभग 3.5 लाख आयुष्मान मेले का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें टीबी, एचबीपी, मधुमेह, माउथ कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मोतियाबिंद आदि से बचाव के लिए 29.54 करोड़ से भी ज़्यादा स्क्रीनिंग की गई। भारत सरकार का दावा है कि फ़रवरी 2024 में डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल (जीआईडीएच) को भी शुरू किया गया है। यह भी दावा किया है कि 'टोगो'नामक महामारी की रोकथाम के लिए बिल गेट्स की संस्था 'गावी' के साथ मिलकर वैक्सीन वितरण की पहल या साझेदारी भी की जा सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# सेहत पर भारी पड़ रहा है पैक्ड फूड



खान-पान

अर्चना कुमारी

लेखिका व स्वतंत्र पत्रकार

आधुनिक समय में लोगों की जीवनशैली काफी बदल चुकी है। लोग हेल्दी खाने से ज्यादा उसका स्वाद देखते हैं, जिसका नतीजा यह है कि आज अधिकांश व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हैं। दरअसल, व्यस्त लाइफस्टाइल में इन दिनों पैक्ड फूड यानी जंक फूड पर हम ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं जो कि एक बेहद ही गंभीर मामला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दशकों में प्रोसेस्ड फूड कैंसर जैसी महामारी का बड़ा कारण बन सकता है। बता दें, पैक्ड फूड को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। यह केमिकल बेहद ही खतरनाक होते हैं। जो हमारे शरीर पर कई तरह के हानिकारक प्रभाव डालते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिसीज स्टडी के आंकड़ों के मुताबिक, विश्व में 20 प्रतिशत मौतें खराब आहार के कारण होती हैं। जंक फूड को बनाने में बहुत ज्यादा तेल, फैट, शुगर, स्टार्च, नमक और प्रोटीन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे मोटापा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है। कई स्टडी में यह बात सामने आ चुकी है कि फास्ट फूड में पाया जाने वाला ट्रांसफैट ब्लड में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देता है और गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर देता है। इससे टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ा देता है। नमक की ज्यादा मात्रा बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। फास्ट फूड में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से लोगों का वजन बढ़ जाता है और मोटापे का शिकार हो जाते हैं। इससे अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होने का रिस्क बढ़ जाता है। यह भी सुझाव दिया गया है कि जंक फूड खाने से मस्तिष्क उसी तरह प्रभावित होता है, जैसे नशे की दवाओं का सेवन करने से। दुनिया भर में जंक फूड को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना गया है। ये गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को जन्म देते हैं, विशेष रूप से गरीब देशों में कुपोषण और मोटापे के दोहरे बोझ के लिए जिम्मेदार हैं। खानपान के तमाम जानकारों, जीवन शैली के तमाम विशेषज्ञों और डॉक्टरों के लगातार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में जंक फूड हमारे ब्रंच, लंच या डिनर का अहम हिस्सा बन गया है। आजकल लोग पोषक भरी चीजे न खाकर स्वादिष्ट जंक फ़ूड ज्यादा खा रहे हैं। जिसमें शरीर के लिए जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स नहीं होते हैं। जिस वजह से उनके शरीर में आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स की अत्यधिक कमी हो जाती है जिसको पूरा करने के लिए उन्हें दवाइयों पर निर्भर होना पड़ता है। इतना ही नहीं, जरूरी पोषक तत्वों की कमी की वजह से वो गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे परिवारों की संख्या भी कम नहीं है जो पूरी तरह से पैक्ड फूड या रेडी टू ईट फूड पर निर्भर हो चुके हैं। बता दें, दुनिया भर में भारत खाद्य मानकों का उल्लंघन करने वाला सबसे बड़ा देश है, ऐसा फूड सोर्स मॉनिटरिंग कंपनी फूड सेंट्री का कहना है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि एक दशक में आसानी से तैयार हो जाने वाले पैकेट बंद फूड के बाजार में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनके खाने के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। विदेश से आये फास्ट फूड ने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है। जबकि भारतीय खाने में इतने विभिन्न आयाम हैं कि बयान करना मुश्किल हो जाता है। तरह-तरह के पकवान भारत के लोगों के इतिहास और उनकी संस्कृति को परिदृश्य करते हैं। फिर भी हम फ़ास्ट फ़ूड के पीछे भाग रहे हैं।

# 'स्वस्थ भारत' संकल्प बने राष्ट्रीय अभियान



योजना

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक

देश में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) के बढ़ते बोझ को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 30 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी व्यक्तियों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों तथा सामान्य कैंसर के लिए 100 प्रतिशत जांच करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत ब्लड प्रेशर, मधुमेह या मुंह, स्तन या सर्विकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों की जांच होगी। इसके तहत देश के 89 करोड़ लोगों की शुगर से लेकर बीपी और कैंसर की जांच मुफ्त की जाएगी। यह अभियान 20 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा। इसमें सरकारी अस्पताल, मोबाइल मेडिकल यूनिट और आशा कार्यकर्ताएं घर-घर जांच अभियान करेंगी।

## गैर-संक्रामक रोगों का प्रकोप

सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया है कि पिछले कुछ सालों से देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस अभियान का उद्देश्य वास्तविक समय पर निगरानी करना है और साथ ही साथ एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना भी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट बताती है कि देश में 66 प्रतिशत मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। इसलिए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बीमारियों की जल्दी पहचान करना, इलाज शुरू करना और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं को रोकना है। भारत सरकार ने अपने अभियान में मुख्य रूप से तीन तरह के कैंसर जांच की बात की है। इसमें मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की बात कही गई है। सरकार ने पाया है कि तंबाकू के सेवन से मुंह के कैंसर के मरीज अधिक सामने आए हैं, जिनकी मृत्यु भी हुई है।

## फैल रहा सर्वाइकल कैंसर

वहीं महिलाओं में तेजी से स्तन कैंसर बढ़ रहा है। इसके अलावा पुरुष और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर भी तेजी से फैल रहा है। इसकी रोकथाम और सही समय पर इलाज के लिए सरकार ने जांच का फैसला किया है। इतना ही नहीं, हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों के लिए हाई ब्लड प्रेशर सबसे बड़ा कारण है। कम उम्र में ही लोग हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं। अधिक दबाव की वजह से वो अपना जीवन खो रहे हैं।

## खराब लाइफ स्टाइल कारण

भारत में 45 प्रतिशत लोग हर साल सिर्फ हार्ट अटैक से मर रहे है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एनसीडी सामूहिक रूप से दुनिया भर में हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों और मधुमेह समेत कुछ मौतों के 74 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि आजकल कम उम्र में ही लोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन बीमारियों का एक बड़ा कारण खराब लाइफ स्टाइल है। ये सभी बीमारियां नॉन-




कम्युनिकेबल डिजीज यानी गैर-संचारी बीमारियां हैं। इनका मतलब है कि ये बीमारियां एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलतीं और इनका विकास अक्सर काफी समय लेता है।

## आहार संबंधी आदतों से बढ़े रोग

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि साल 1990 में इन बीमारियों से होने वाली मौतों का अनुपात 37.9 प्रतिशत था, जो 2016 में बढ़कर 61.8 प्रतिशत हो गया। आज के समय में भारत में 66 प्रतिशत से ज्यादा मौतें नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों के कारण हो रही हैं। इन बीमारियों में मुख्य रूप से दिल से जुड़ी बीमारियां, डायबिटीज, कैंसर और सांस से जुड़ी बीमारियां शामिल हैं। भारत में अधिकतर युवा आबादी है और ऐसा देखा गया है कि 30 से 40 साल की उम्र के युवा भी इस तरह की लाइफ स्टाइल डिजीज से काफी परेशान हैं। जीवनशैली में बदलाव, पर्यावरणीय कारक और आहार संबंधी आदतें इस महामारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, जिससे न केवल बुजुर्ग बल्कि युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। आज खाने में पैक्ड फूड को जिस तरह से तरजीह दी जा रही है, उसकी वजह से ये भी बीमारियां हो रही हैं। चिंता का विषय यह है कि भारत उन देशों में शामिल हो रहा है जहां कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल के अध्ययनों से भारत में कैंसर के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, देश में हर साल 1.3 मिलियन से अधिक नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और अगले दशक में यह संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। 2040 तक, भारत में कैंसर की घटनाओं के दोगुना होने का अनुमान है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। अगर देखा जाए तो सरकार की ये पहल स्वागत योग्य है, बशर्ते इसके पीछे छिपा हुआ कोई और एजेंडा ना हो।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 'स्वस्थ भारत' की बात की, तो उसमें सिर्फ दवा, अस्पताल और डॉक्टर ही नहीं हैं, बल्कि प्राथमिकता यह है कि नागरिक बीमार ही ना हों। इसके लिए योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अगर कोई बीमार हो भी जाता है तो जांच और समयबद्ध उपचार की पूरी व्यवस्था है। मरीजों को मुफ्त दवा और इलाज की सुविधाएं आज बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## आयुष्मान भव अभियान लांच

देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों को साल का पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मुहैया करा रही है। मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भव अभियान लांच किया गया है। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन-जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आइडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिसीज यानी रक्त संबंधी विकार, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान भव योजना का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है, ताकि लोगों के बीच इस योजना को लेकर जागरुकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। यह प्रतिबद्धता पीएम मोदी की 'स्वस्थ भारत' परिकल्पना का अंग है। मालूम हो, अच्छा स्वास्थ्य मानव प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। आने वाला भविष्य उन्हीं समाजों का होगा, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन लगाएंगे।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार की जरूरत



दो टूक

शंभू भद्र

वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार व जन स्वास्थ्य विश्लेषक

हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (रक्तचाप), शुगर (मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। वर्ष 2022 तक देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया था, लेकिन सरकारी उदासीनता के चलते इस योजना ने दम तोड़ दिया। आज वर्ष 2025 में देश में कूड़ा व कचरा निस्तारण को लेकर मुकम्मल व्यवस्था नहीं बन सकी, तो क्या मोटापे के खिलाफ भी अभियान का ऐसा ही हश्र होने वाला है? पीएम ने ही जोर-शोर से फिट इंडिया अभियान शुरू किया था, यह अभियान आज कहां है? किसी को पता नहीं है। आज देश जीवनशैली संबंधी बीमारियों- उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कैंसर, मोटापा (ओबेसिटी), थायराइड, कब्ज, टेंशन, डिप्रेशन के पीड़ितों के ज्वालामुखी पर बैठा हुआ है। करीब 19 करोड़ लोग शुगर, करीब 15 करोड़ लोग मोटापा, करीब 14 करोड़ लोग बीपी, करीब 9 करोड़ लोग कैंसर, करीब 12 करोड़ लोग टेंशन-डिप्रेशन, व करोड़ों लोग कंस्टिपेशन यानी कब्ज जैसी जीवनशैली संबंधी रोगों से सफर कर रहे हैं।

## बहुत सारी बाधाएं

इन रोगों के लिए सिडेंट्री रहन-सहन, अस्वास्थ्यकर खानपान और गलत दिनचर्या जिम्मेदार हैं। खास बात है कि इन रोगों को प्रचलित मॉडर्न मेडिसिन से क्योर नहीं किया जा सकता है। यह बात समस्त चिकित्सा जगत को पता है। पीड़ितों को आजीवन दवा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन हॉलिस्टिक हेल्थ एप्रोच से जीवनशैली, खानपान और दिनचर्या में बदलाव लाकर इन रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिए लाइफस्टाइल रिलेटेड इन बीमारियों से बचाव के लिए राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है। जनस्वास्थ्य के प्रति सरकार की पहल स्वागत योग्य है, परंतु स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशिक्षित वर्कफोर्स से लेकर नीति व बजट तक में बहुत सारी बाधाएं हैं। कई बार सरकार की योजनाओं का प्रारूप ही तय नहीं होता है। स्वच्छ भारत, ओडीएफ, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम उदाहरण हैं। सरकार अपनी योजनाओं का सोशल ऑडिट भी नहीं करती है। डायबिटीज, बीपी व कैंसर जांच का उद्देश्य अगर फार्मा कंपनियों को मुफ्त में डाटा उपलब्ध भर कराना है, तो ऐसे अभियान का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। इस जांच का उद्देश्य अगर सच में जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नीति, उपचार व क्रियान्वयन की दिशा में कुछ किया जाना है, तो निश्चित रूप से इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

## प्रिवेंटिव स्वास्थ्य पर हो जोर

भारत में करीब 80 फीसदी रोग प्रिवेंटिव हैं, जिसके लिए अस्पताल या दवा की जरूरत नहीं है, केवल गाइडेंस, प्रिवेंटिव चिकित्सा से रोका या



ठीक किया जा सकता है। केवल 20 फीसदी रोग हैं, जिसके लिए असल में अस्पताल व दवाओं की जरूरत है। अगर सरकार योग-व्यायाम-ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा समेत समस्त भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को प्रिवेंटिव हेल्थ कार्यक्रम से जोड़ेगी तो स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय खर्च को तर्कसंगत बनाया जा सकता है। प्रिवेंटिव हेल्थ को स्कूल शिक्षा कार्यक्रम से भी जोड़ने की आवश्यकता है। खानपान व जीवनशैली संबंधी विषयों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है।

## स्वास्थ्य बजट जरूरत से कम

इस बार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में स्वास्थ्य के लिए 99,858.56 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष के 89,974 करोड़ रुपये के बजट आवंटन से मामूली वृद्धि है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 1.19 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। इसमें आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए राशि भी शामिल है। सरकार ने दवा उद्योग के लिए पीएलआई हेतु 2,445 करोड़ रुपये भी आवंटित किए हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को ₹9,406 करोड़ का आवंटन मिला। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएमएबीएचआईएम) के लिए ₹4,200 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को ₹37,226.92 करोड़ व राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को ₹79.6 करोड़ आवंटित किए गए। बजट में वित्त मंत्री ने जन स्वास्थ्य का जिक्र सात बार किया, जिसमें सुलभ, ऊंची गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सेवा पर जोर दिया गया था। जो मुख्य कदम बताए गए उनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड से जोड़ना, एआई से चलने वाले स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र तथा चिकित्सा शिक्षा में 10,000 नई सीटें जोड़ना शामिल हैं। वास्तव में चिकित्सा शिक्षा में पांच साल के भीतर 75,000 सीटें जोड़ी जानी हैं। 200 डे केयर कैंसर सेंटर खोलने, 1 करोड़ गिग (अस्थायी रोजगार वाले) कर्मचारियों को पीएम-जय के दायरे में लाने और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर 'हील इन इंडिया' जैसे कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही 36 जीवनरक्षक औषधियों पर सीमा शुल्क में भी राहत की घोषणा की गई। छह अन्य जीवनरक्षक औषधियों पर 5 फीसदी की रियायती दर से शुल्क लगाने तथा रोगी सहायता कार्यक्रमों का विस्तार करने की बात भी कही गई है। भारत में जन स्वास्थ्य प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में स्वास्थ्य व्यय को 2025 तक बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 फीसदी करने की सिफारिश थी। लेकिन अभी बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन जीडपी का एक फीसदी के करीब है, यानी बजट आवंटन लक्ष्य से बहुत पीछे है।

## हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत

देश में वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए हेल्थ बजट जीडीपी का छह फीसदी होना चाहिए। इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजन की क्षमता है। भारत के लिए बड़ा अवसर है, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार को मिलकर हेल्थ क्षेत्र को बेहतर बनाना चाहिए। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार को इस क्षेत्र को रेगुलेट करने के लिए इरडा, सेबी जैसे हेल्थ सेक्टर के लिए नियामक बनाना चाहिए। इसी के साथ सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम लाना चाहिए। बजट में अनेक ख़ामियां रह गई हैं। जनसांख्यिकीय संकट पर कोई बात नहीं की गई है। आवासीय चिकित्सक, एंबुलेटरी यानी अस्पताल तथा बुजुर्गों की देखभाल को लेकर कोई बात नहीं है।

## मणिपुर में 21 महीने बाद हालात सामान्य होने के आसार

# 8 मार्च से लोग कहीं भी आ-जा सकेंगे, 10 दिन में 300 हथियार सरेंडर : अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*अमित शाह ने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह इस प्रकार की पहली बैठक थी*

### गृह मंत्री ने राज्य के हालात की समीक्षा की, सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

मणिपुर में 21 महीनों बाद हालात सामान्य होने के आसार हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य के हालात पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं, अलग-अलग समुदायों ने 20 फरवरी से अब-तक 300 से ज्यादा हथियार सरेंडर किए हैं। राज्यपाल ने 20 फरवरी को अनुरोध किया था कि हिंसा में लूटे गए हथियार सरेंडर कर दें। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।




### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने का काम जल्द पूरा करें

### 13 फरवरी से सूबे में राष्ट्रपति शासन

मणिपुर में 13 फरवरी को एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। राज्य विधानसभा का कार्यकाल निलंबित कर दिया गया है, जो 2027 तक है। राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी को अवैध और लूटे गए हथियार रखने वाले सभी लोगों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दिए जाने के बाद सुरक्षा समीक्षा की गई। सात दिनों के वक्त के दौरान, मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से ज्यादा हथियार जनता द्वारा लौटाए गए। इनमें मैतेई कट्टरपंथी समूह अरम्बाई टेंगोल द्वारा आत्मसमर्पण किए गए 246 आग्नेयास्त्र शामिल हैं।

### कौन से जिले से कितने हथियार सरेंडर हुए

**इंफाल वेस्ट:** सबसे ज्यादा हथियार इंफाल वेस्ट जिले से सरेंडर किए गए हैं। इनमें 12 सीएमजी मैगजीन के साथ, दो 303 राइफल मैगजीन के साथ, दो एसएलआर राइफल मैगजीन के साथ, चार 12 बोर सिंगल बैरल, एक आईईडी और गोला-बारूद शामिल हैं।

**जिरीबाम:** पांच 12 बोर डबल बैरल, एक 9एमएम कार्बाइन मैगजीन के साथ, गोला-बारूद और ग्रेनेड।

**कांगपोकपी:** एक एके-47 राइफल 2 मैगजीन के साथ, एक .303 राइफल, रिवॉल्वर, एक .22 पिस्टल मैगजीन के साथ, एक सिंगल बैरल राइफल, तीन इम्प्रोवाइज्ड मॉर्टर, 9 मॉर्टर बम, ग्रेनेड और अन्य चीजें सरेंडर किए गए।

**बिश्नुपुर:** 6 गन , एक राइफल, 3 , एक .303 राइफल मैगजीन के साथ, एक कार्बाइन वन मैगजीन के साथ और 15 लाइव राउंड, गोला-बारूद और अन्य सामग्री सरेंडर किए गए हैं।

**थौबल:** एक सब मशीन गन 9 एमएम कार्बाइन मैगजीन के साथ, एक रॉयट गन और अन्य सामग्री सरेंडर किए गए हैं।

**इंफाल ईस्ट:** 2 कार्बाइन, एक एसएलआर दो मैगजीन के साथ, एक लाइव राउंड, 2 लोकल कार्बाइन मैगजीन, 4 इंसास राइफल मैगजीन, बड़ी संख्या में गोला-बारूद सरेंडर की गई।

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने 'जन औषधि रथ' को दिखाई हरी झंडी

*विभिन्न इलाकों में घूमेगा रथ , लोगों को देगा स्वास्थ्य की जानकारी*

# किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक आसानी से पहुंचेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को 'जन औषधि रथ' को हरी झंडी दिखाकर 'जन औषधि सप्ताह' (1 मार्च से 7 मार्च) की शुरुआत की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल रहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बताया कि 'जन औषधि रथ' दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न इलाकों में घूमेगा और लोगों को जन औषधि केंद्रों के लाभों के बारे में जानकारी देगा। यह जन औषधि केंद्र कम कीमतों पर जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराते हैं जिससे आम लोगों का इलाज किफायती हो सके।



### एक रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध होंगे

उन्होंने कहा कि हम 1 से 7 मार्च तक 'जन औषधि-जन चेतना' सप्ताह मना रहे हैं। इस दौरान कई कार्यक्रम होंगे ताकि लोग जन औषधि केंद्रों और सस्ती दवाओं के बारे में जान सकें। हम दवाओं के लिए सस्ते विकल्प दे रहे हैं ताकि लोगों की दवा पर होने वाली खर्च को कम किया जा सके। अनुप्रिया पटेल ने यह भी बताया कि महिलाओं को सिर्फ 1 रुपए में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठाएंगी।

## स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी-यूजी परीक्षा होगी आठ मई से एक जून तक

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को घोषणा की कि स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) आठ मई से एक जून तक आयोजित की जाएगी। सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन एक से 22 मार्च तक किया जा सकेगा। एनटीए के अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा की तारीखें हालांकि अभी संभावित हैं और विस्तृत कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। परीक्षाएं 13 भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की जाएंगी। देश में केंद्रीय, राज्य और चुनिंदा निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश को मानकीकृत करने के लिए 2022 में सीयूईटी-यूजी की शुरुआत की गई थी। सीयूईटी-यूजी का उद्देश्य कई प्रवेश परीक्षाओं की जगह एक समान मूल्यांकन मंच प्रदान करना है।

## वायुसेना के जोधपुर एयरबेस पर संपन्न हुआ 'डेजर्ट हंट-2025' युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सीमाओं पर बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित तीनों सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'डेजर्ट हंट-2025' राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर सफलता के साथ संपन्न हो गया है। इसमें सेना के विशिष्ट पैरा बल (पैरा- एसएफ), नौसेना के मरीन कमांडो और वायुसेना के गरुड़ कमांडो ने एक साथ भाग लिया। यह युद्धाभ्यास पांच दिवसीय था। जिसकी शुरुआत बीते 24 फरवरी को हुई और इसका समापन 28 फरवरी को हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास के जरिए तीनों सशस्त्र सेनाओं ने युद्ध के कृत्रिम वातावरण में एकजुटता से न केवल अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया। बल्कि एक-दूसरे के अच्छे अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया। यहां बता दें कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास राजस्थान में भारत की पाकिस्तान से लगी हुई सीमा के करीब स्थित वायुसेना के एक अग्रणी जोधपुर एयरबेस पर किया गया था।

## खबर संक्षेप

### तुहिनकांत ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**मुंबई।** तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। अब तक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे एक नौकरशाह पांडेय को गुरुवार को सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली। जिनका कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया।



### भाजपा ने अब स्वास्थ्य पर आप सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में पेश की गई सीएजी रिपोर्ट को लेकर दिल्ली में सियासी घमासान जारी है। भाजपा और आप आमने सामने है। कैग की रिपोर्ट पर भाजपा- आप वार पलटवार जारी है।भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा कि मेडिकल स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। बुनियादी चीजें भी नहीं हैं, मोहल्ला क्लीनिक और डिस्पेंसरी में थर्मामीटर भी नहीं हैं।



## पार्टी नेता राउत ने कहा

# महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद पर दावा ठोकेगी शिवसेना यूबीटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति से जुड़े अहम घटनाक्रम में शिवसेना यूबीटी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा ठोकने की तैयारी कर रही है। शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि उनकी पार्टी 10 फीसदी सीटों के अभाव में भी नेता प्रतिपक्ष पद पर दावा करेगी। उन्होंने कह कि अतीत में भी विपक्षी दलों के नेताओं को नेता प्रतिपक्ष पद दिया जा चुका है। भले ही शिवसेना यूबीटी के विधायकों की संख्या काफी कम है, संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि सदन की कार्यवाही नेता प्रतिपक्ष के बिना नहीं चलाई जा सकती। राउत ने कहा कि यूबीटी के विधायकों की संख्या 20 है। यह अहम है क्योंकि कांग्रेस नेताओं ने पहले कहा था कि अगर शिवसेना विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा करती है तो वह विधान परिषद में भी इसी पद की मांग करेगी।



# सुकमा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली किए ढेर

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दल आज जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ जारी है। अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।




## रेल मंत्री ने बोले, विकास को नई गति मिलेगी

# वैष्णव ने बुलेट ट्रेन का निरीक्षण कर प्रगति की सराहना की

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को अहमदाबाद में राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल परियोजना का निरीक्षण किया। रेल मंत्री ने एनएच 48 पर स्टील ब्रिज की स्थापना स्थल का भी दौरा किया, जो परियोजना का एक प्रमुख अवयव है। इसके साथ ही अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि महाराष्ट्र खंड ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कार्य की प्रगति की सराहना भी की।





### 350 किमी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

*वैष्णव ने कहा कि 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा हो चुका है। जब 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी, तो उसके चारों ओर प्रेशर का वातावरण तैयार होगा। स्टेशन पर जो दो लाइन बनेगी, तो ट्रेन की स्पीड को ध्यान में रखकर स्टेशन के रूफ को विशेष तरीके से डिजाइन किए जा रहे हैं। हर चीज का विशेष ध्यान रखा जा है। स्टेशन, ट्रैक, टनल में अच्छे और तेजी से काम चल रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में कई जगहों पर किसी न किसी तरह का अनूठा निर्माण हो रहा है। यह पुल 1100 टन से अधिक वजन का है। इसके कई विशेष अवयव भारत में निर्मित हैं। यहां काम करने वाली टीम पुल निर्माण की विशेषज्ञ है। यह वही टीम है जिसने अंजी और चिनाब पुलों पर काम किया है।*

हरियाणा सरकार

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
एस.सी.ओ. नं. 200-201, सेक्टर 17-सी, चण्डीगढ़

ई-मेल : directorshaheedsamarak@gmail.com
फोन नं. : 0172-5046246

हरियाणा सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अम्बाला कैंट के नजदीक अम्बाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे (NH-44) पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य और विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह (Logo) तैयार करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/डिजाइनर/कलाकार एवं आमजन से प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। जिस व्यक्ति के प्रतीक चिन्ह (Logo) का चयन होगा उसे विभाग की ओर से एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। प्रविष्टियां भेजने की अन्तिम तिथि 01-04-2025 को सायं 5:00 बजे तक रहेगी और प्रतिभागी को अपनी प्रविष्टियां भेजते समय निम्नलिखित नियमों का पालन करना होगा:-

नियम एवं शर्तें

★ सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा तथा संवाद सोसायटी के अधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर सभी प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां एस.सी.ओ. नं. 200-201, सेक्टर 17-सी, चण्डीगढ़ कार्यालय में अन्तिम तिथि तक भेज सकते हैं, जिसके बाद कोई भी प्रविष्टि मान्य नहीं होगी।
★ प्रविष्टि 1857 की क्रान्ति (भारत की आजादी की पहली लड़ाई) की थीम पर ही आधारित होगी।
★ प्रतीक चिन्ह में Graphic element, including icon, shape, colour, background, font, layout इत्यादि रहने चाहिए।
★ प्रतीक चिन्ह ऐसा हो जो स्मारक की पहचान को दर्शाता हो।
★ प्रतीक चिन्ह प्रेरणादायक हो।
★ प्रतीक चिन्ह Classic, Vintage व Modern किसी भी प्रकार का बनाया जा सकता है।
★ प्रतीक चिन्ह में Monogram, Word marks, Historical marks, Abstract marks भी हो सकते हैं किन्तु यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतीक चिन्ह Simple, Memorable, Relevant, Timeless व Versatile हो।
★ प्रतिभागी अपने प्रतीक चिन्ह के ऊपर कोई Water marks नहीं डालेगा यानि प्रतीक चिन्ह के ऊपर कुछ नहीं लिखेगा।
★ प्रतीक चिन्ह भेजने की अन्तिम तिथि दिनांक 01-04-2025 को सायं 5:00 बजे तक होगी।
★ सभी प्रतीक चिन्ह High Resolution में हों और नीचे उल्लेखित Caption के साथ तकनीकी दृष्टि से सुदृढ़ होने चाहिए।
★ जिस प्रतीक चिन्ह का चयन होगा वह सरकार की सम्पत्ति मानी जाएगी और सरकार इस प्रतीक चिन्ह का कहीं भी उपयोग करने में स्वतन्त्र होगी। प्रतीक चिन्ह भेजने वाले प्रतिभागी का इस पर कोई अधिकार नहीं रहेगा।
★ कोई भी प्रतीक चिन्ह Copyrighted नहीं होना चाहिए।
★ प्रतिभागी पर आयु और राष्ट्रीयता की कोई पाबन्दी नहीं है परन्तु थीम 1857 की क्रान्ति (भारत की आजादी की पहली लड़ाई) पर ही होनी चाहिए।
★ सभी प्रतीक चिन्ह पर प्रतिभागी के हस्ताक्षर होने चाहिएं और प्रतीक चिन्ह (Logo) का साईज 12"x15" होना चाहिए।
★ प्रतिभागी द्वारा अपनी प्रविष्टि व प्रतीक चिन्ह ई-मेल directorshaheedsamarak@gmail.com पर भी भेजा जाए।
★ भेजे जाने वाले प्रतीक चिन्ह का पूर्व में प्रकाशन व प्रदर्शन न हुआ हो।
★ प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रविष्टि व्यक्तिगत ई-मेल से उपरोक्त ई-मेल पर भेजी जाए (प्रत्येक प्रतीक चिन्ह JPG/JPEG format में अपलोड किया जाए और इसका साईज 10 एम.बी. से ज्यादा का न हो)।
★ प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए प्रतीक चिन्ह हस्ताक्षरित एवं पूर्ण भरे हुए Registration and Declaration form के साथ भेजे जाएं। एक बार प्रविष्टि मेल अथवा डाक द्वारा भेजे जाने के बाद उसमें बदलाव/निरस्तीकरण/जोड़ना मान्य नहीं होगा।
★ सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के पास बिना किसी कारण अथवा स्पष्टीकरण के किसी भी प्रतिभागी की प्रविष्टि को अयोग्य और निकालने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
★ प्रविष्टि अथवा प्रतीक चिन्ह में कोई भी व्यावसायिक सामग्री नहीं होनी चाहिए जो किसी भी उत्पाद या सेवा को बढ़ावा दे।
★ बिना पूर्व सूचना के आवश्यकता पड़ने पर आयोजक के पास उपरोक्त प्रतीक चिन्ह सम्बन्धी पुरस्कार में परिवर्तन और नियमों/अधिनियमों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
★ प्रतीक चिन्ह का चयन कमेटी द्वारा किया जाएगा और उसका निर्णय अन्तिम होगा। चयन प्रकिया और निर्णय से सम्बन्धित किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। यह प्रक्रिया गोपनीय रहेगी।

Registration and Declaration Form

Photo

1. प्रतिभागी का नाम ..............................................
2. पिता/पति का नाम ..............................................
3. डाक पता ..............................................
4. दूरभाष नं. ..............................................
5. आधार नम्बर ..............................................
6. पद/संस्था का नाम (यदि कोई है)..............................................
7. आवेदक यदि किसी अन्य सरकार या संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह बनाने/डिजाईन करने के क्षेत्र में सम्मानित किया गया है ?
यदि हां, तो विवरण दें ।
..............................................
..............................................
..............................................
8. प्रतीक चिन्ह का विवरण एवं शीर्षक
..............................................
..............................................
..............................................
9. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त प्रतीक चिन्ह (Logo) मेरे स्वयं द्वारा डिजाईन/तैयार किया गया है और अन्य किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूं कि मुझे किसी अदालत/संस्था द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है एवं मेरे विरुद्ध कोई कानूनी/आपराधिक प्रक्रिया नहीं चल रही है ।
10. उपरोक्त सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सत्य हैं ।

तिथि : ...............

स्थान : .....................

आवेदक के हस्ताक्षर

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### बीएसएफ ने बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया



अगरतला। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बांग्लादेशी तस्कर को उस समय मार गिराया, जब अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर से तस्करों के एक समूह ने बल के जवानों पर हमला किया। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने कहा कि तस्करों के हमले में उसका एक जवान भी घायल हो गया।

### अमृतसर एयरपोर्ट पर 8 करोड़ का गांजा पकड़ा



अमृतसर। अमृतसर में श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक यात्री को 8.17 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पकड़ा गया आरोपी मलेशिया से भारत लौटा था। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार यात्री की पहचान मनदीप सिंह के रूप में हुई है।

### 14वें बच्चे के पिता बने अरबपति एलन मस्क



वॉशिंगटन। मशहूर अरबपति कारोबारी एलन मस्क 14वीं बार पिता बने हैं। मस्क की कंपनी न्यूरालिंक से जुड़ीं शिवोन जिलिस ने मस्क के साथ अपने चौथे बच्चे की जानकारी दी है। शिवोन जिलिस ने एक पोस्ट में लिखा कि एलन से बात करने के बाद और अपनी बेटी आर्केडिया के जन्मदिन के मौके पर, मुझे लगता है कि अपने बेटे शेल्डन लिकरगस के बारे में बताना सही होगा।

**बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलना होगा**

### कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर पीएम मोदी ने वेबिनार को किया संबोधित

# दलहन का उत्पादन, कृषि क्षेत्र का विकास गांवों की समृद्धि को बढ़ाएं, हर किसान लाभान्वित हो






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**नीतियों को प्रभावी तरीके से लागू करें**

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि' पर बजट पश्चात वेबिनारको संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। यह हमारी नीतियों में निरंतरता को दर्शाता है। विकसित भारत के विजन को एक नया विस्तार भी दिखता है। बजट से पहले आप सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव, बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे।

अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में, इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में, आपकी भूमिका और बढ़ गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ष की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीति बनाने पर केंद्रित चर्चा के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना है। कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह सत्र बजट के दृष्टिकोण को कार्रवाई योग्य परिणामों में बदलने के लिए सहयोग को बढ़ावा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे प्रयासों से देश में दालों का उत्पादन बढ़ा है।

## प्रत्येक किसान को आगे बढ़ाना होगा

वेबिनार निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और विषय वस्तु विशेषज्ञों को शामिल किया ताकि प्रयासों को संरेखित किया जा सके और प्रभावी कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की ओर बढ़ने का भारत का संकल्प बहुत स्पष्ट है, हम सब मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे। हर किसान को आगे बढ़ाना है। हमने कृषि को विकास का पहला इंजन मानकर अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण सम्मान दिया है। हम कृषि क्षेत्र के विकास और गांवों की समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

### उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे

पीएम मोदी ने कहा कि अभी भी हमारी घरेलू खपत का 20 फीसदी विदेशों से आयात पर निर्भर है, जिसका मतलब है कि हमें अपना दलहन उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन में तेजी लाने के लिए जरूरी है कि उन्नत बीजों की आपूर्ति बनी रहे और संकर किस्मों(दो अलग-अलग वंशों के बीच प्रजनन से बनी नई प्रजाति होती है। संकर किस्मों को हाइब्रिड भी कहा जाता है।) को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए आप सभी को जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता और कीमतों में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों के समाधान पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## संगीत महोत्सव को भव्य उत्सव बताया

पीएम मोदी ने नई दिल्ली में जहान-ए-खुसरो महोत्सव में अपनी भागीदारी के अनुभव साझा किए। यह महोत्सव सूफी संगीत और संस्कृति का एक भव्य उत्सव है जो इस साल अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। सुंदर नर्सरी में यह महोत्सव 2 मार्च को समाप्त होगा। पीएम मोदी ने कहा कि जहान-ए-खुसरो लोगों के दिलों में जगह बना रहा है। उन्होंने रमजान की शुभकामनाएं दीं। आगा खान के योगदान की सराहना की। अमीर खुसरो की विरासत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को सभी बड़े देशों से महान बताया था।

### एनबीडब्ल्यूएल बैठक की करेंगे अध्यक्षता, फिर 'वनतारा' जाएंगे

अहमदाबाद। पीएम मोदी शनिवार से गुजरात के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे जूनागढ़ के सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वे रविवार को जामनगर स्थित पशु देखभाल केंद्र वनतारा का भी दौरा करेंगे और अगले दिन जंगल सफारी का आनंद लेंगे। पीएम मोदी प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।

### एनएक्सटी कॉन्क्लेव में बोले

## *आज भारत दुनिया में अपनी विशेष 'छाप' छोड़ रहा*

*पीएम मोदी ने शनिवार को एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 में भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान और आयोजन क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हर दिन नई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। पीएम ने कहा आज पूरी दुनिया भारत को जानना चाहती है। भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी रूप से दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि भारत दुनिया में सकारात्मक खबरों का केंद्र बन गया है। इस दौरान उन्होंने हाल ही में संपन्न महाकुंभ 2025 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया इस भव्य आयोजन से आश्चर्यचकित है कि करोड़ों लोग एक साथ अस्थायी शहर में आकर पवित्र नदी में स्नान करते हैं। इस दौरान 66 करोड़ 21 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन दुनिया को भारत की आयोजन क्षमता से परिचित कराता है।*

### *अगला एआई समिट भारत में होगा*

*पीएम मोदी ने भारत की वैश्विक भूमिका को भी उजागर किया। उन्होंने कहा किउन्हें फ्रांस में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) समिट में शामिल होने का अवसर मिला जहां भारत सह-आयोजक था। उन्होंने घोषणा की कि अब अगला एआई समिट भारत में आयोजित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एाई और अन्य नई तकनीकों के माध्यम से करोड़ों लोगों का जीवन सुधार सकता है।*

### ब्रिटेन पहुंचते ही जेलेंस्की के बदले सुर

## बोले- ट्रंप का समर्थन बेहद जरूरी यूएस के बिना युद्ध रोकना असंभव



एजेंसी ▶▶ लंदन

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी यात्रा के बाद शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे। यहां वह यूरोपीय देशों के प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं। राष्ट्रपति ट्रंप से हुई तीखी बहस के बाद अब जेलेंस्की ने एक नया ट्वीट किया है। जिसमें उनके सुर बदले नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हम सभी तरह के समर्थन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए भी उनका आभारी हूं। यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन वर्षों के आक्रमण के दौरान। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका की मदद हमारे अस्तित्व को बचाने में महत्वपूर्ण रही है और मैं इसे स्वीकार करना चाहता हूं। कठिन वार्ता के बावजूद, हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमारा रिश्ता सिर्फ दो नेताओं से कहीं बढ़कर है।

### रूसी मीडिया बोला- रिएलिटी शो जैसा तमाशा

रूस की एचएसई यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकार अनस्तासिया लिखशेवा ने कहा कि दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में लंबे समय से ऐसा कुछ नहीं देखा, सिवाय रिएलिटी टीवी शो के। यह बिल्कुल पुराने टीवी शो- द अप्रेंटिस की याद दिलाता है। रूस की वेबसाइट रशिया टुडे ने कहा कि तीन साल तक युद्ध के दौरान पश्चिमी देशों में किसी ने भी यूक्रेन के प्रतिनिधि के खिलाफ बयान नहीं दिया, बल्कि खुद जेलेंस्की और उनके साथियों को कुछ भी बोलने की आजादी थी। यह सब सिर्फ इसलिए किया गया, क्योंकि पश्चिम उन्हें पीड़ित मानता था और इसीलिए उन्हें अधिकार थे। लेकिन इसी चीज ने उन पर भद्दा मजाक किया। स्पूतनिक, तास और रिया नोवोस्ती ने अपने एक्स हैंडल पर ट्रंप-जेलेंस्की की बैठक पर जबरदस्त तंज कसे।

### यूक्रेनी राजदूत ने सिर पीट लिया




व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस की खबरें दुनियाभर में छाई हुई हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि जब ओवल ऑफिस में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस हो रही थी तो उस वक्त ओवल ऑफिस में मौजूद अमेरिका में यूक्रेन की राजदूत अपने सिर पर हाथ रखें निराशा में डूबी नजर आ रही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखी जा रही है।

### माइक्रोसॉफ्ट मई में स्काइप करेगा बंद

न्यूयॉर्क। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 'वीडियो कॉलिंग' सेवा 'स्काइप' को बंद कर रहा है। उसने इस सेवा को उसने 2011 में 8.5 अरब डॉलर में खरीदा था। कंपनी ने कहा कि वह मई में स्काइप को बंद कर देगी और अपनी कुछ सेवाओं को अपने प्रमुख वीडियोकांफ्रेंस और टीम एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म 'माइक्रोसॉफ्ट टीम्स' पर स्थानांतरित कर देगी। स्काइप उपयोगकर्ता 'टीम्स' में लॉग इन करने के लिए अपने मौजूदा खातों का उपयोग कर सकेंगे। माइक्रोसॉफ्ट ने वर्षों से स्काइप की तुलना में टीम्स को प्राथमिकता दी है।

## तेलंगाना टनल हादसा : 4 लोगों की लोकेशन का पता चला, लेकिन बचने की उम्मीद कम

नागरकुरनूल (भाषा)। तेलंगाना में एक सुरंग ढहने के बाद सप्ताहभर से जारी बचाव अभियान के दौरान एक सफलता तब मिली जब इसमें फंसे कुल आठ लोगों में से चार के 'लोकेशन' का पता लगा लिया गया। यह जानकारी राज्य के आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने शनिवार को दी। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी के साथ, बचाव अभियान में शामिल अधिकारियों की बैठक में शामिल कृष्ण राव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में काफी प्रगति हुई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "मेरे विचार से रडार के जरिए चार लोगों के लोकेशन का पता लगा लिया गया है।" उन्होंने उम्मीद जताई कि रविवार शाम तक उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अन्य चार लोग सुरंग खोदने की मशीन (टीबीएम) के नीचे फंसे हुए हैं। जिन चार लोगों के बारे में पता चला है, उनकी स्थिति के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने याद दिलाया कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि बचने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा कि 450 फुट ऊंची टीबीएम को काटा जा रहा है। इस अभियान में करीब 11 एजेंसियों के कर्मी शामिल हैं। अभियान में देरी को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का जिक्र करते हुए कृष्ण राव ने कहा कि इस प्रयास में शामिल लोग विशेषज्ञ हैं, लेकिन सुरंग के अंदर कीचड़ सहित अन्य स्थितियों को देखते हुए बचाव कार्य जटिल है। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग की छत ढहने से उसके नीचे 22 फरवरी से आठ लोग (इंजीनियर और श्रमिक) फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जोर-शोर से जारी है।




+Terms and conditions apply. #Cashback Offer on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Free Accessories worth ₹3000 schemes and Exchange Bonus of ₹2000 will be given on Scooter Purchase. *The schemes are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Assciate Dealers *The offer is applicable in Haryana only. *The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**